# सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 की धारा-4(1)ख के अन्तर्गत जनसामान्य के अवलोकनार्थ

## 17 बिन्दुओं का त्रैमासिक मैनुअल संग्रह।

## (माह अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर-2020)

## पुलिस विभाग जनपद पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड।

सूचना का
अधिकार

## **मैनुअल सारणी**


| | | |
|---|---|---|
| 1) भाग–1 | – | मैनुअल 1, 2, 3 एवं 4 |
| 2) भाग–2 | – | मैनुअल 5 खण्ड – प्रथम |
| 3) भाग–2 | – | मैनुअल 5 खण्ड–द्‌वितीय पार्ट–एक |
| 4) भाग–2 | – | मैनुअल 5 खण्ड–द्‌वितीय पार्ट–दो |
| 5) भाग–2 | – | मैनुअल 5 खण्ड–तृतीय |
| 6) भाग–2 | – | मैनुअल 5 खण्ड–चतुर्थ वैल्यूम–वन |
| 7) भाग–2 | – | मैनुअल 5 खण्ड–चतुर्थ वैल्यूम –दो |
| 8) भाग–2 | – | मैनुअल 5 खण्ड–पंचम |
| 9) भाग–3 | – | मैनुअल 6, 7 एवं 8 |
| 10) भाग–4 | – | मैनुअल 9 एवं 10 |
| 11) भाग–5 | – | मैनुअल 11, 12, 13, 14, 15 एवं 17 |

## जनपद पौड़ी गढ़वाल-एक दृष्टि

**जनपद परिचयः-**

जनपद पौड़ी गढ़वाल का गठन सन् 1816 ई0 में हुआ। जनपद के उत्तरी भाग में जनपद चमोली व रूद्रप्रयाग, दक्षिण में जनपद बिजनौर (उत्तर प्रदेश), पश्चिम में जनपद टिहरी व देहरादून, पूरब में जनपद अल्मोड़ा, नैनीताल की सीमायें लगती हैं। जनपद में मुख्यतः अलकनन्दा नदी, थाना श्रीनगर व टिहरी गढ़वाल के थाना कीर्तीनगर, देवप्रयाग के मध्य बहती हुयी, देवप्रयाग में एक अन्य प्रमुख नदी भागीरथी नदी से मिलने के बाद गंगा का रूप धारण करती है। इसके अतिरिक्त अन्य छोटी प्रमुख नदियों में दूधातोली पर्वत श्रृंखला के उद्‌गम स्थल से पूर्वी नयार व पश्चिमी नयार निकलती है, जिनका संगम सतपुली में होता है, संगम के पश्चात आगे चलकर नयार नदी व्यासघाट नामक स्थान पर गंगा नदी में मिल जाती है। जनपद में अनेक पर्वत एवं घाटियां हैं जिनमें अधिकांश पर्वत श्रृंखलाओं की ऊंचाई लगभग 3000 से 8500 फिट तक हैं। तराई में बसे गढ़वाल के अन्तिम दक्षिणी भाग (भावर) मैदानी क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। सन् 1840 में गढ़वाल जिला एक स्वतन्त्र जनपद के रूप में स्थापित हुआ। फरवरी 1960 में तहसील चमोली को स्वतन्त्र जनपद के रूप में गठित करके पौड़ी गढ़वाल जिले से पृथक कर दिया गया तथा सन 1997 में जनपद पौड़ी गढ़वाल की 20 ग्राम पंचायतों व दो न्याय पंचायत क्षेत्रों को नव सृजित कर जनपद रूद्रप्रयाग में सम्मिलित किया गया।

जनपद पौड़ी का विस्तार 29 डिग्री 20 अंश उत्तर अक्षांश से 30 डिग्री 15 अंश उत्तर अक्षांश तक तथा 78 डिग्री 10 अंश पूर्व देशान्तर से 79 डिग्री 10 अंश पूर्व देशान्तर के मध्य तक स्थित है तथा पौड़ी मुख्यालय की ऊंचाई लगभग 6500 फिट है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमिः-**

इतिहासकारों का मत है कि गढ़वाल की उत्पत्ति (गढ़+वाला) से हुई है। प्राचीन काल में इस भू-भाग में छोटे-छोटे किले (गढ़) थे, जिनके गढ़पति छोटे-छोटे ठाकुर राजा हुआ करते थे। 15वीं शताब्दी में चांदपुर गढ़ी के राजा अजयपाल ने इन गढ़ों पर विजय प्राप्त कर एक संयुक्त गढ़वाल राज्य की स्थापना की थी, जिसकी सीमा में हरिद्‌वार, देहरादून व सहारनपुर जिले के कुछ भाग सम्मिलित थे। चांदपुर शिलालेख के अनुसार वर्ष 888 में गढ़वाल में पंवार वंश की स्थापना हुई तथा यह स्वतन्त्र राजनैतिक शक्ति के रूप में तेहरवीं-चौदहवीं शताब्दी में स्थापित हो पायी। अजयपाल ने चांदपुरगढ़ से अपनी राजधानी देवलगढ़ तथा कालान्तर में सन् 1517 में श्रीनगर में स्थापित की। दिल्ली के सुल्तान बहलोल लोदी (1451-1488) ने परमार नरेश बलभद्र पाल को शाह की उपाधि से अलंकृत किया। वर्ष 1790 में गोरखाओं ने गढ़वाल पर आक्रमण किया और सन् 1803 में अपने अधिकार में ले लिया। 12 वर्षों तक गोरखाओं का गढ़वाल पर शासन रहा। सन् 1815 में सुदर्शन शाह ने अंग्रेजों की सहायता से गोरखाओं को पराजित किया। वर्ष 1815 में सिंगोली संधि के अनुसार गढ़वाल का आधा भाग टिहरी पंवार वंश के अधीन तथा शेष भाग गढ़वाल का अंग्रजों के अधीन हो गया, जो ब्रिटिश गढ़वाल कहलाया। सन् 1839 में अल्मोड़ा को गढ़वाल से पृथक किया गया और 1840 में राजधानी को श्रीनगर से पौड़ी स्थानान्तरित किया गया। इस प्रकार वर्तमान गढ़वाल जनपद की नींव पड़ी।

**जनपद पौड़ी का क्षेत्रफल का विवरणः-**

| | | |
|---|---|---|
| जनपद का क्षेत्रफल | - | 5230 वर्ग किमी0 |
| रेगुलर पुलिस क्षेत्रान्तर्गत | - | लगभग 432.82 वर्ग किमी0 |
| राजस्व पुलिस क्षेत्र(वन क्षेत्र सहित) | - | लगभग 4797.18 वर्ग किमी0 |
| जनपद की जनसंख्या | - | 687271 |
| (वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार) | | |
| पुरूष | - | 326829 |
| महिलायें | - | 360442 |
| जनसंख्या घनत्व | - | 129 प्रति वर्ग किमी0 |
| शहरी क्षेत्र की जनसंख्याः | - | 89875 |
| ग्रामीण क्षेत्र की जनसंख्याः | - | 600483 |

वन ग्रामीणों की जनसंख्याः - 6720 (26 वन ग्राम)

**जनसंख्या का वर्गवार प्रतिशत**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | हिन्दू | - | 96.10 प्रतिशत |
| 2- | मुस्लिम | - | 03.33 प्रतिशत |
| 3- | जैन | - | 00.06 प्रतिशत |
| 4- | सिख | - | 00.10 प्रतिशत |
| 5- | इसाई | - | 00.31 प्रतिशत |
| 6- | अन्य | - | 00.10 प्रतिशत |

अनुसूचित जाति/जनजाति की जनसंख्याः - 18.13 प्रतिशत लगभग

**महत्वपूर्ण कस्बों की जनसंख्याः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | नगर पौड़ी | - | 25440 लगभग |
| 2- | नगर श्रीनगर | - | 20115 लगभग |
| 3- | नगर दुगड्डा | - | 2422 लगभग |
| 4- | नगर कोटद्वार | - | 33035 लगभग |
| 5- | नगर लैंसडाउन | - | 5667 लगभग |
| 6- | जौंक (स्वर्गाश्रम) | - | 4669 लगभग |

**प्रशासनिक व्यवस्थाः-**

जनपद पौड़ी गढ़वाल, गढ़वाल मण्डल का मुख्यालय है। मण्डल मुख्यालय होने के कारण यहाँ अनेक मण्डलीय कार्यालय स्थापित हैं, जिसमें प्रमुख रूप से लो0नि0वि0, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, वन विभाग के मण्डलीय कार्यालयों के अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय भी नगर पौड़ी में स्थापित है।

**जनपद के थाने एवं उनमें सम्मिलित ग्रामों की संख्याः-**

| **सर्किल का नाम** | **थाने का नाम** | **गांवों की संख्या** |
|---|---|---|
| पौड़ी | थाना पौड़ी क्षेत्रान्तर्गत | 198 ग्राम |
| | थाना सतपुली क्षेत्रान्तर्गत | 47 ग्राम |
| | थाना धूमाकोट क्षेत्रान्तर्गत | 223 ग्राम |
| | थाना थलीसैंण | 206 ग्राम |
| | थाना पैठाणी | 115 ग्राम |
| कोटद्वार | थाना लैंसडाउन क्षेत्रान्तर्गत | 12 ग्राम |
| | थाना कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत | 85 ग्राम |
| | थाना कालागढ़ क्षेत्रान्तर्गत | 09 ग्राम |
| | थाना रिखणीखाल क्षेत्रान्तर्गत | 97 ग्राम |
| श्रीनगर | थाना श्रीनगर क्षेत्रान्तर्गत | 108 ग्राम |
| | थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्रान्तर्गत | 54 ग्राम |
| | म0थाना श्रीनगर क्षेत्रान्तर्गत | --- ग्राम |
| | थाना देवप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत | 22 ग्राम |
| **योग** | **कुल** | **1176 ग्राम** |

**<u>थानों का स्थापना वर्षः-</u>**

| | | |
|---|---|---|
| 1- थाना पौड़ी | - | वर्ष 1946 एवं शा0 सं0 5001/आठ-1-34/83 दिनांक 06-10-83 को उच्चीकृत कर निरीक्षक स्तर |
| 2- थाना कोटद्वार | - | वर्ष 1930 में स्थापित एवं शा0सं0 5001/आठ-1-34/83 दिनांक 06-10-83 को उच्चीकृत कर निरीक्षक स्तर |
| 3- थाना श्रीनगर | - | वर्ष 1906 |
| 4- थाना देवप्रयाग | - | शासनादेश सं0 5099 पी आठ-6-81-300(37)68 दिनां 01-10-81 |
| 5- थाना लक्ष्मणझूला | - | शा0सं0 3441/आठ-355/54 दि0 02-11-57 |
| 6- थाना लैंसडाउन | - | वर्ष 1922 |
| 7- थाना सतपुली | - | शा0सं0 5099 पी आठ-6-81-300(37)68 दिनांक 01-10-81 |
| 8- थाना कालागढ़ | - | शा0सं0 3406/आठ-1-300(9)73 दि0 08-08-74 |
| 9- म0थाना श्रीगर | - | शासनादेश सं0 3583 पी/छः पु-6-93-300(80) दिनांक 21-03-93 |
| 10- थाना धूमाकोट | - | दिनांक 25-08-2006 |
| 11- थाना रिखणीखाल | - | दिनांक 09-05-2007 |
| 12- थाना थलीसैंण | - | दिनांक 15-03-2018 |
| 13- थाना पैठाणी | - | दिनांक 15-03-2018 |

**जनपद की रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों की संख्याः- 18**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1-** | पुलिस चौकी कलियासौड़ | **2 -** | पुलिस चौकी पाटीसैंण |
| **3-** | पुलिस चौकी गुमखाल | **4 -** | पुलिस चौकी दुगड्डा |
| **5-** | पुलिस चौकी कलालघाटी | **6 -** | पुलिस चौकी चीला |
| **7-** | पुलिस चौकी नैनीडाण्डा | **8 -** | पुलिस चौकी नीलकण्ठ |
| **9-** | पुलिस चौकी श्रीकोट | **10 -** | पुलिस चौकी सबधरखाल |
| **11-** | पुलिस चौकी दुधारखाल | 12 - | चौकी बाजार कोटद्वार |
| 13- | चौकी रामझूला | 14 - | चौकी स्नेह |
| 15- | चौकी बाजार श्रीनगर | 16 - | चौकी बाजार पौड़ी |
| 17- | चौकी पाबौ | 18 - | चौकी पाखरौ |

**<u>साधारण देखरेख चौकियां</u>** - 09

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1-** | चौकी खाण्ड्यूसैंण | 2- | चौकी खिर्सू |
| 3- | चौकी देहलचौरी | 4- | चौकी गिवईस्रोत |
| **5-** | चौकी गरुड़चट्टी | 6- | चौकी रतुवाढ़ाब (रिखणीखाल) |
| 7- | चौकी शंकरपुर (धुमाकोट) | 8- | चौकी गोलीखाल (धुमाकोट) |
| 9- | चौकी सिमड़ी (धुमाकोट) | | |

**चैक पोस्ट/बैरियर**

**अन्तर्राज्यीय बैरियर - 02**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1-** | कौड़िया (कोटद्वार) | 2 - | कालागढ़ |

**जनपदीय बैरियर - 06**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1-** | चिल्लरखाल (कोटद्वार) | 2 - | कलियासौड़ (श्रीनगर) |
| 3- | पौड़ी चुंगी (श्रीनगर) | 4 - | राम कुण्ड (देवप्रयाग) |
| 5- | मरचूला | 6 - | कीर्तिनगर |

**अग्निशमन केन्द्र - 02**

1- कोटद्वार 2 - पौड़ी

**<u>जनपद की तहसीलें, ब्लॉक, पट्टियों एवं ग्रामों आदि का विवरणः-</u>**

<u>जनपद की तहसीले-</u>

1- तहसील पौड़ी 2 - तहसील श्रीनगर

3- तहसील लैन्सडाउन 4 - तहसील कोटद्वार

5- तहसील धूमाकोट 6 - तहसील थलीसैंण

7- तहसील चौबट्टाखाल(नवसृजित वर्ष-2004)

8- तहसील यमकेश्वर(नवसृजित वर्ष-2004)

9- तहसील सतपुली(नवसृजित वर्ष-2004)

10- तहसील चाकीसैण 11 - जखनीखाल

12- तहसील स्यूंसी 13 - उप तहसील रिखणीखाल

**नगर निगमः- 01**

| नगर निगम | | नाम नगर निगम अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर निगम कोटद्वार | - | श्रीमती हेमलता नेगी |

**<u>नगर पालिका परिषद- 03</u>**

| नाम नगर पालिका परिषद | | नाम नगर पालिका अध्यक्ष |
|---|---|---|
| 1-नगर पालिका परिषद पौड़ी | - | श्री यशपाल बेनाम |
| 2 नगर पालिका परिषद श्रीनगर | - | श्रीमती पूनम तिवारी |
| 3- नगर पालिका परिषद दुगड्डा | - | श्रीमती भावना चौहान |

**कैण्टामेंट एरियाः- - <u>01 (लैन्सडाउन)</u>**

**<u>क्षेत्र पंचायत का नामः-</u>**

1 - क्षेत्र पंचायत कल्जीखाल 2 - क्षेत्र पंचायत कोट

3 - क्षेत्र पंचायत जयहरीखाल 4 - क्षेत्र पंचायत रिखणीखाल

5 - क्षेत्र पंचायत दुगड्डा 6 - क्षेत्र पंचायत पौड़ी

7 - क्षेत्र पंचायत खिर्सू 8 - क्षेत्र पंचायत थलीसैंण

9 - क्षेत्र पंचायत पोखडा 10 - क्षेत्र पंचायत एकेश्वर

11 - क्षेत्र पंचायत पाबौ 12 - क्षेत्र पंचायत बीरोंखाल

13 - क्षेत्र पंचायत नैनीडाण्डा 14 - क्षेत्र पंचायत द्वारीखाल

15 - क्षेत्र पंचायत यमकेश्वर।

| | | |
|---|---|---|
| **जनपद में कुल ग्राम पंचायतें** | **-** | **1165** |
| जनपद की कुल पट्टियाँ | - | 65 |
| जनपद के कानूनगो क्षेत्र | - | 23 |
| जनपद की क्षेत्र पंचायतें | - | 13 |
| ग्रामों की संख्या | - | 3505 |
| आबाद ग्राम | - | 3137 व 26 वन ग्राम |
| गैर आबाद ग्राम | - | 342 |

## <u>जनपद से सम्बन्धित प्रमुख तथ्य</u>

**<u>जनपद की शिक्षण संस्थायें-</u>**

1) विश्वविद्यालय - 1 (हेमवती नन्दन गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीगनर)

2) इंजीनियरिंग कॉलेज - 1 (पं0 गोविन्द बल्लभ पंत इंजी0 कॉलेज घुडदौड़ी वर्ष 1973 में स्थापित)।

3) राजकीय उद्यानिक प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान महाविद्यालय भरसार
(जी0बी0 पंत कृषि विश्वविद्यालय अन्तर्गत)

4) महाविद्यालय - 11

| क्र0 सं0 | स्नातक/स्नातकोत्तर/महाविद्यालयों का नाम | स्थान | छात्र सं0 लगभग |
|---|---|---|---|
| 01 | हे0न0ब0 विडला परिषर श्रीनगर | श्रीनगर | 4400 |
| 02 | डा0 पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार | कोटद्वार | 2800 |
| 03 | वी0 गोपाला रेड्डी परिसर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पौड़ी | पौड़ी | 1350 |
| 04 | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्यालगांव लैंसडाउन | स्यालगांव लैंसडाउन जनपद पौड़ी गढवाल | 492 |
| 05 | राजकीय स्नातक महाविद्यालय चौबट्टाखाल | चौबट्टाखाल जनपद पौड़ी गढ़वाल | 130 |
| 06 | वीर चन्द्रसिंह गढ़वाली स्नातक राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण | थलीसैंण जनपद पौड़ी गढवाल | 100 |
| 07 | राजकीय स्नातक महाविद्यालय बेदीखाल | बेदीखाल जनपद पौड़ी गढ़वाल | 85 |
| 08 | राजकीय स्नातक विद्यालय सतपुली | सतपुली जनपद पौड़ी गढ़वाल | 65 |
| 09 | राठ स्नातक महाविद्यालय पौठाणी | पैठाणी जनपद पौड़ी गढ़वाल | 325 |
| 10 | राजकीय स्नातक महाविद्यालय पटोटियां धूमाकोट | पटोटियां धूमाकोट जनपद पौड़ी गढ़वाल | 70 |
| 11 | महायोगी गुरू गोरखनाथ महाविद्यालय यमकेश्वर | बिथ्याणी यमकेश्वर | 136 |

**5) जनपद में इण्टर कालेज-** राजकीय इण्टर कालेज- 111 लगभग अशासकीय - 70 लगभग

**6) जनपद में हाईस्कूल** - राजकीय हाईस्कूल व इण्टर कालेज-193 लगभग

**7) जनपद में जूनियर हाईस्कूल** - 408 लगभग

**8) जनपद में प्राथमिक विद्यालय-** 1659 लगभग

**<u>जनपद में औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थानः-</u>**

**पॉलीटेक्निक** -08

(श्रीनगर, कोटद्वार, सतपुली, बीरोंखाल, पौड़ी, पाबौ, बड़खेत, थलनदी-यमकेश्वर)

**आई0टी0आई0**- 19

1 आई0टी0आई0 खिर्सू (2) 2- आई0टी0आई0 पोखड़ा
3 आई0टी0आई0 श्रीनगर 4- आई0टी0आई0 थलीसैंण(3)
5 आई0टी0आई0 दुगड्डा (2) 6- आई0टी0आई0 जयहरीखाल(लैन्स0)
7- आई0टी0आई0 कल्जीखाल 8- आई0टी0आई0 पौड़ी
9- आई0टी0आई0 पाबौ 10- आई0टी0आई0 द्वारीखाल
11- आई0टी0आई0 एकेश्वर 12- आई0टी0आई0 रिखणीखाल
13- आई0टी0आई0 यमकेश्वर 14- आई0टी0आई0 नैनीडाण्ड़ा

**<u>जनपद में कोषागारः</u>** - 07

01- मुख्य कोषागार पौड़ी 02 - उपकोषागार श्रीनगर
03- उपकोषागार थलीसैंण 04- उपकोषागार धूमाकोट
05- उपकोषागार लैंसडाउन 06- उपकोषागार सतपुली
07- उपकोषागार कोटद्वार

**<u>जनपद में दूरभाष केन्द्र</u>** - 48

**मुख्य दूरभाष केन्द्र** - 05

01- दूरभाष केन्द्र पौड़ी 02- दूरभाष केन्द्र श्रीनगर
03- दूरभाष केन्द्र सतपुली 04- दूरभाष केन्द्र लैन्सडाउन
05- दूरभाष केन्द्र कोटद्वार

**<u>जनपद के बैंकः-</u>**

भारतीय स्टैट बैंक - 37
जिला सहकारी बैंक - 20

**क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक**

| | | |
|---|---|---|
| अलकनन्दा ग्रामीण बैंक | - | 33 |
| पंजाब नेशनल बैंक | - | 16 |
| सैन्ट्रल बैंक | - | 01 |
| केनरा बैंक | - | 05 |
| यूनियन बैंक | - | 01 |
| इलाहाबाद बैंक | - | 01 |
| बैंक आफ इण्डियां | - | 01 |

**<u>सिनेमाहॉल</u>** - 02

01- कोटद्वार - 01

02- श्रीनगर - 01

**<u>प्रमुख ट्रान्सपोर्ट</u>** - 05

01- जयभारत ट्रान्सपोर्ट, पटेल मार्ग, कोटद्वार

02- बद्री-केदार गड्स केरियर, पटेल मार्ग कोटद्वार

03- जयलक्ष्मी ट्रान्सपोर्ट कम्पनी, गोखले मार्ग, कोटद्वार

04- गढ़वाल मोटर वर्कस यूनियन,कोटद्वार

05- उत्तरांचल व्यापारी मोटर मालिक/चालक संघ कोटद्वार

**<u>प्रमुख यातायात कम्पनी</u>** - 03

1-गढ़वाल मोटर्स ऑनर्स यूनियन लि0 मुख्यालय कोटद्वार

2-गढ़वाल मण्डल बहुद्देश्य सहकारी समिति लि0 पौडी

3-गढ़वाल मोटर्स यूजर्स बीरोंखाल/रामनगर

**प्रमुख उद्योग** - 04

1-ऑचल दूध कार्याशाला श्रीनगर

2-बी0ई0एल0 फैक्ट्री कोटद्वार

3-फ्लश डोर फैक्ट्री कोटद्वार

4-स्टील फैक्ट्री कोटद्वार

**विद्युत केन्द्र/उपकेन्द्र** - 15

01- रामगंगा डाम कालागढ़ -198 मेगावाट उत्पादन क्षमता

02- पावर हाउस चीला-144 मेगावाट उत्पादन क्षमता

03- 33 के0वी0 132 के0वी0 स्टेशन श्रीनगर

4- 33/11 के0वी0 बुवाखाल 05 -33/11 के0वी0 पौडी (रॉसी)

06- 33/11 के0वी0 सतपुली 07 -33/11 के0वी0 जशोधरपुर (कोटद्वार)

08- 33/11 के0 वी0 बलभद्रपुर (कोटद्वार)

09- 33/11 के0वी0 कोटद्वार 10 -33/11 के0वी0 दुगड्डा

11- 33/11 के0वी0 कस्याली 12 -33/11 के0वी0 जयहरीखाल

13- 33/11 के0वी0 स्यूंसी 14 -33/11 के0वी0 धूमाकोट

15- श्रीनगर जल विद्युत परियोजना(330 मेगावाट) निर्माणधीन

**<u>जनपद के पोस्ट ऑफिस</u>**

मुख्य डाकघर - 03 = 01 - पौड़ी 02 - लैन्सडाउन 03 - कोटद्वार

डिपार्टमेन्टल हेड ऑफिस - 50

अतिरिक्त विभागीय - 11

अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर- 360

**<u>जनपद के प्रमुख स्वास्थ्य केन्द्र</u>**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01- स्टेट एलोपैथिक डिस्पेन्सरीज | - | 02 | |
| महिला | - | 01 | |
| पुरूष | - | 01 | |
| 02- संयुक्त चिकित्सालय | - | 02 | (कोटद्वार - 01) (श्रीनगर - 01) |
| 03- बेस हॉस्पीटल श्रीकोट, श्रीनगर | - | 01 | |
| 04- प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र (पी0एच0सी0) | - | 15 | (प्रत्येक ब्लॉक पर) |
| 05- सी0एच0सी0 | - | 13 | |
| 06- एलोपैथिक चिकित्सालय | - | 167 | |

**जनपद के आर्म्स डीलरों की सूचीः-**

1- मो0 याशीन लोअर बाजार पौड़ी, शस्त्र गोली विक्रेता

2- गढ़वाल ट्रेडिंग एजेन्सी लोअर बाजार पौड़ी (वीरेन्द्र कश्यप), बन्दूक गोली विक्रेता पौड़ी।

3- गढ़वाल आरमरी बद्रीनाथ रोड़ कोटद्वार (बाबा निहाल सिंह) शस्त्र बन्दूक गोली विक्रेता।

**जनपद के आर्म्स मैगजीनों की सूचीः-**

1- प्रान्तीय निर्माण खण्ड पी0डब्ल्यू0डी0 पौड़ी एक मैगजीन स्टोर कंडोलिया पौड़ी।

2- प्रान्तीय निर्माण खण्ड पी0डब्ल्यू0डी0 लैंसडाउन एक मैगजीन स्टोर गिवईं स्रोत कोटद्वार

3- गढ़वाल राईफल्स सेन्टर लैसडाउन गोला बारूद भण्डार छावनी एरिया लैंसडाउन

4- सैनिक ट्रांजिट कैम्प कोड़िया कोटद्वार, गोला बारूद भण्डार ट्रांजिट कैम्प कौड़िया कोट्द्वार

5- लोक निर्माण विभाग दुगड्डा, एक मैगजीन स्टोर आमडाली दुगड्डा कोटद्वार।

**जनपद के प्रमुख पैट्रोल-डीजल डीलर्सः-** - 14

1- श्रीनगर - 03

विरेन्द्र बहुगुणा पैट्रोल पम्प बद्रीनाथ मार्ग श्रीनगर

जी0एम0ओ0 पैट्रोल पम्प बस स्टेशन श्रीनगर

खण्डूरी पैट्रोल पम्प श्रीकोट रोड़, श्रीनगर।

2- कोटद्वार - 07

वोहराज हाई एण्ड सन्स कोटद्वार।

माहेश्वरी ऑटो मोबाइल कोटद्वार।

पायनियर फिलिंग स्टेशन कोटद्वार।

चन्द्रभान बत्रा एण्ड सन्स कोटद्वार।

जी0एम0ओ0 पैट्रोल पम्प बस स्टेशन कोटद्वार।

केदार फीलिंग स्टेशन कोटद्वार।

जी0एम0ओ0 पैट्रोल पम्प बद्रीनाथ रोड़ कोटद्वार।

3- पौड़ी - 03

ग0म0 बहुउद्देशीय सहकारी समिति लि0 कोटद्वार रोड़ पौड़ी।

अमर शहीद कुलदीप सिंह श्रीनगर रोड़।

नेशनल पैट्रोल पम्प श्रीनगर रोड़।

4- सतपुली - 01

अग्रवाल पैट्रोल पम्प सतपुली।

**जनपद के प्रमुख टेन्ट हाउस/साउण्ड सिस्टमः-**

1.गढ़वाल टेन्ट हाउस पौड़ी।

2.सुमित टैन्ट हाउस पौड़ी।

3.आर0के0 रतूड़ी टैन्ट हाउस पौड़ी।

4.सेमवाल टैन्ट हाउस पौड़ी।

5.अशोक साउण्ड सर्विस मानपुर कोटद्वार।

6.गढ़वाल रेडियोज बस स्टेशन कोटद्वार।

7.यूसुफ साउण्ड स्पीकर पुरानी सब्जी मण्डी कोटद्वार।

8.रावत साउण्ड सर्विस झण्डाचौक कोटद्वार।

9.उत्तरांचल साउण्ड सर्विस देवीरोड़ कोटद्वार।

10 रानु साउण्ड सर्विस निकट दीपक टॉकीज कोटद्वार।

11 डी0जे0 साउण्ड सर्विस अदालीखाल धूमाकोट।

**जनपद में विदेशी/अंग्रेजी शराब की दुकानेः-**

जनपद में विदेशी/अंग्रेजी शराब की दुकानें निम्न स्थानों/कस्बों में हैः-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1-कोटद्वार | 2-श्रीनगर, | 3-पौड़ी, | 4-सतपुली, | 5-लैंसडाउन, | 6-दुगड्डा, |
| 7-गुमखाल, | 8-पाटीसैंण, | 9-नौगॉवखाल, | 10-संगलाकोटि, | 11-पाबौ, | 12-पैठाणी, |
| 13-थलीसैंण, | 14-बैजरो, | 15-बेदीखाल, | 16-पौखाल, | 17-सबधऱखाल, | 18-अगरोड़ा, |
| 19-कल्जीखाल, | 20-काण्डी, | 21-जसोदरपुर, | 22-डाडामण्डी, | 23-दिगोलीखाल, | 24-खिर्सू, |
| 25-किर्खू, | 26-रिखणीखाल, | 27-जडाउखाद, | 28-नैनीडाण्डा, | 29-चैलूसैंण | |

**जनपद से सम्बन्धित अन्य प्रमुख तथ्य**

**जनपद पौड़ी कुछ महत्वपूर्ण जानकारीः-**

| | | |
|---|---|---|
| पौड़ी मुख्यालय की ऊंचाई | - | 1650 मीटर |
| पौड़ी कस्बे की जनसंख्या | - | 25,440 |
| वार्षिक वर्षा | - | 218 से0मी0 (90 प्रतिशत मानसून के दौरान।) |
| जनपद पौड़ी का सबसे ऊँचा भाग | - | दूधातोली 3116 मीटर, |
| जनपद का सबसे कम ऊँचाई वाला भाग | - | चीला के पास 295 मीटर, |
| सबसे ऊँचा आबादी वाला गांव | - | डोबरी 2480 मीटर |
| अधिकतम वनांच्छादित क्षेत्रौ | - | थलीसैंण ब्लॉक में, |
| न्यूनतम वनांच्छादित क्षेत्र | - | पौड़ी ब्लॉक |
| लिंग अनुपात | - | 1104 स्त्रीः1000 पुरूष |
| साक्षरता | - | 77.99 प्रतिशत **(पुरूष 91.47 प्रतिशत, महिला 76.14 प्रतिशत)** |
| जनसंख्या घनत्व | - | 129 प्रति वर्ग किमी |

**जनपद के प्रमुख कस्बे**

| | | |
|---|---|---|
| 1-पौड़ी (मुख्यालय) | 2-लैंसडाउन | 3-श्रीनगर |
| 4-कोटद्वार | 5-दुगड्डा | 6-सतपुली |
| 7-देवप्रयाग | 8-लक्ष्मणझूला | 9-धूमाकोट |
| 10-थलीसैंण | 11-बीरोंखाल | 12-पाबौ |
| 13-वेदीखाल | 14-खिर्सू | 15-पाटीसैंण |
| 16-कांसखेत | 17-बैजरों | 18-पोखडा |
| 19-रिखणीखाल | 20-कल्जीखाल | 21- पैठाणी |

**<u>जनपद के प्रमुख धार्मिक/पर्यटक स्थल व उनकी मुख्यालय से दूरी</u>**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01- | खिर्सू | - | 19 किमी0 |
| 02- | लक्ष्मणझूला | - | 107 किमी0 |
| 03- | कालागढ़ | - | 151 किमी0 वाया कोटद्वार |

04- सिद्धबली (कोटद्वार) - 104 किमी0
05- श्रीनगर - 29 किमी0
06- नीलकण्ठ - 130 किमी0
07- लैंसडाउन - 86 किमी0
08- ज्वाल्पा धाम - 35 किमी0
09- विन्सर महादेव - 144 किमी0
10- देवप्रयाग संगम - 43 किमी0
11- धारी देवी - 44 किमी0
12- डाण्डा नागराजा - 50 किमी0
13- क्यूंकालेश्वर मंदिर - 04 किमी0
14- कण्वाश्रम कोटद्वार - 115 किमी0
15- कण्डोलिया मन्दिर - 03 किमी0
16- ताड़केश्वर महादेव - 115 किमी0
17- देवलगढ़ - 40 किमी

**<u>प्रमुख पर्यटक स्थल</u>**

1-खिर्सू 2-लक्ष्मणझूला 3-कालागढ़ 4-लैंसडाउन
5-चीला 6-पौड़ी 7-श्रीनगर 8-जिम कार्बेट पार्क

## <u>प्रमुख धार्मिक एवं पूजा स्थल</u>

**01- प्रमुख मंदिर - 24**

| क्र0सं0 | मंदिर का नाम | स्थान | क्र0सं0 | मंदिर का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कण्डोलिया मंदिर | पौड़ी | 13 | कमलेश्वर मंदिर | श्रीनगर |
| 02 | क्यूंकालेश्वर | पौड़ी | 14 | देहलचौरी | सबदरखाल |
| 03 | डाण्डानागराज | पौड़ी | 15 | बिल्वकेदार | श्रीनगर |
| 04 | देवलगढ़ | श्रीनगर | 16 | कालेश्वर महादेव | लैंसडाउन |
| 05 | धारी देवी | श्रीनगर | 17 | सल्ट महादेव | बैजरौ |
| 06 | बिनसर महादेव | दूधातोली(थलीसैंण) | 18 | परमार्थ निकेतन | लक्ष्मणझूला |
| 07 | नीलकण्ठ महादेव | लक्ष्मणझूला | 19 | खैरालिंग | कल्जीखाल |
| 08 | ताडेश्वर महादेव | लैंसडाउ | 20 | घसिया महादेव | श्रीनगर |
| 09 | ज्वालपा देवी | सतपुली | 21 | वेद निकेतन | लक्ष्मणझूला |
| 10 | कण्वाश्रम | कोटद्वार | 22 | गीता आश्रम | लक्ष्मणझूला |
| 11 | सिद्धबली | कोटद्वार | 23 | स्वर्गाश्रम | लक्ष्मणझूला |
| 12 | कोट महादेव | सितोनस्यूँ | 24 | खैरालिंग महादेव मुण्डेश्वर | कल्जीखाल |

**जनपद में स्थित प्रमुख मस्जिदो के सम्बन्ध में विवरण- 20**

| क्र0सं0 | प्रमुख मस्जिद का नाम/स्थान | थाना क्षेत्र |
|---|---|---|
| 01 | जामा मस्जिद, लोअर बाजार पौड़ी गढ़वाल | पौड़ी |

| | | |
|---|---|---|
| 02 | जामा मस्जिद, टम्टा मौहल्ला श्रीनगर | श्रीनगर |
| 03 | जामा मस्जिद, नजीबाबाद रोड कोटद्वार गढ़वाल | कोटद्वार |
| 04 | मदीना मस्जिद, मोमिनगर लकडीपडाव कोटद्वार गढ़वाल | कोटद्वार |
| 05 | रसीदिया मस्जिद, मोमिनगर लकडीपडाव कोटद्वार गढ़वाल | कोटद्वार |
| 06 | मदनी मस्जिद, निकट स्टेडियम गाडीघाट नई बस्ती कोटद्वार | कोटद्वार |
| 07 | मस्जिद कब्रिस्तान, कौडिया कोटद्वार गढ़वाल | कोटद्वार |
| 08 | मस्जिद दुगड्डा, कोटद्वार गढ़वाल | कोटद्वार |
| 09 | मस्जिद ग्राम पल्ला, काण्डाखाल पौड़ी गढ़वाल | राजस्व क्षेत्र |
| 10 | जामा मस्जिद, लैंसडाउन पौड़ी गढ़वाल | थाना लैंसडाउन |
| 11 | मस्जिद, ग्राम कथेला, लैंसडाउन पौड़ी गढ़वाल | राजस्व क्षेत्र |
| 12 | मस्जिद सौटलधार, पौखाल, पौड़ी गढ़वाल | राजस्व क्षेत्र |
| 13 | मस्जिद अलनूर, रामागॉव, लैंसडाउन पौड़ी गढ़वाल | राजस्व क्षेत्र |
| 14 | मस्जिद, आमपडाव, इन्द्रानगर, कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल | कोटद्वार |
| 15 | मस्जिद भैडगॉव, पौखाल पौड़ी गढवाल | राजस्व क्षेत्र |
| 16 | मस्जिद, हाईडिल कालोनी कालागढ़, पौड़ी गढ़वाल | कालागढ़ |
| 17 | मस्जिद, कच्चा प्लॉट वर्कचार्ज कालोनी, कालागढ़ पौड़ी गढ़वाल | कालागढ़ |
| 18 | मस्जिद, वर्कचार्ज कालोनी टीनवाली, कालागढ़ | कालागढ़ |
| 19 | जामा मस्जिद, प्रोजेक्ट कालोनी चीला, लक्ष्मणझूला पौड़ी गढ़वाल | कालागढ़ |
| 20 | मस्जिद, ग्राम जुड्डा पौखाल, पौड़ी गढ़वाल | कालागढ़ |

**2- जनपद में स्थित मदरसों के सम्बन्ध में विवरण- 08**

| क्र0सं0 | मदरसे का नाम | सम्बद्धता | पंजीकृत/ अपंजीकृत | अध्यापकों की संख्या | छात्रों की संख्या | मदरसे में कहां तक की शिक्षा छात्रों की दी जाती है | मदरसों की आय के स्रोत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिराजुल उलूम मदरसा जेल गदेरा पौडी | देवबन्दी | अपंजीकृत | 01 | 20-25 | कक्षा पांचवी तक | चन्दा/दान |
| 2 | जामा मस्जिद लोअर बाजार पौड़ी | देवबन्दी | अपंजीकृत | 01 | 65-70 | कक्षा पांचवी तक | चन्दा/दान |
| 3 | मदरसा हुसैनिया असातुल कुरान, ग्रागस्टनगंज कोटद्वार | देवबन्दी | अपंजीकृत | 02 | 24 | कक्षा पांचवी तक | चन्दा/दान |
| 4 | महरसा इस्लामियॉ फैजुल कुरान आमपडाव इन्दिरानगर कोटद्वार | देवबन्दी | अपंजीकृत | 01 | 130 | मदरसे में केवल उर्दु/ अरबी भाषा की शिक्षा दी जाती है | चन्दा/दान |
| 5 | मदरसा कुरान एजुकेशनल जुनियर हाईस्कूल जामा मस्जिद कोटद्वार | देवबन्दी | पंजीकृत | 09 | 234 | आठवीं कक्षा तक | स्कूल फीस/चन्दा |
| 6 | फैजुल आवाम इकरा पब्लिक स्कूल मोमिनगर लकडी पडाव कोटद्वार | देवबन्दी | अपंजीकृत | 08 | 230 | कक्षा पांचवी तक | स्कूल फीस/चन्दा |

**04- चर्च - 09**

1 - लैंसडाउन, पौड़ी - 02

1 - मैथोडिस्ट मिशन चर्च - 07 2- कैथोलिक मिशन चर्च-02

**05- प्रमुख गरूद्वारा** - 03 (श्रीनगर, लैंसडाउन, कोटद्वार)

**जनपद के प्रमुख मेले एवं त्यौहार**

| क्र0सं0 | मेले/त्यौहार का नाम | आयोजन की तिथि/माह | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | शिवरात्रि मेला | शिवरात्रि के अवसर पर | क्यूंकालेश्वर (पौड़ी), कमलेश्वर(श्रीनगर) नीलकण्ठ, स्वर्गाश्रम (लक्ष्मणझूला), तडासर आदि सभी शिवालयों में |
| 2 | गिन्दी मेला | मकर संक्रान्ति | मवाकोट, डाण्डामण्डी थलनदी, कांसखेत घण्डियाल |
| 3 | बसन्त पंचमी मेला | बसन्त पंचमी | कण्वाश्रम (कोटद्वार) देवप्रयाग, लक्ष्मणझूला, सतपुली |
| 4 | दीवा कौथिग | शरद/चैत्र नवरात्र | दीवा धुमाकोट |
| 5 | कण्डोलिया मेला | मई/जून | कण्डोलिया(पौड़ी) |
| 6 | ज्वाल्पा देवी मेला | शरद/चैत्र नवरात्र | ज्वाल्पा (पौड़ी) |
| 7 | बैशाखी मेला (विखोत) | 14 अप्रैल | श्रीनगर,देवप्रयाग, सतपुली, वेदीखाल, बीरोंखाल, स्यूंसी, बैजरों |
| 8 | मोरी कौथिग | कार्तिक/फाल्गुन 12 साल में | तमलाग (पट्टी गगवाडस्यूं) |
| 9 | कालिका माता मेला | माघशीर्ष | बीरोंखाल |
| 10 | बूंखाल कौथिग | पौष | बूंगखाल (थलीसैंण) |
| 11 | बिनसर | कार्तिक पूर्णिमा | बिनसर (थलीसैंण) |
| 12 | बैकुण्ठ चतुर्दशी | बैकुण्ठ चतुर्दशी | श्रीनगर (कमलेश्वर मंदिर) |
| 13 | दनगल का मेला | बैशाख 2 गते | सतपुली |
| 14 | देवलगढ़ | बैशाख 2 गते | देवलगढ़ |
| 15 | कठवददी का मेला | बैशाख | खिर्सू, ग्वाड, कोठगी |
| 16 | काण्डा मेला | भैयादूज | काण्डा (श्रीनगर) |
| 17 | डाण्डा नागराज | भैयादूज | डाण्डा नागराज |
| 18 | घण्डियाल की जात | मार्च/अप्रैल 12 वर्ष में | जसपुर (बीरोंखाल) |
| 19 | जण्दा देवी कौथिग | ज्येष्ठ माह | जण्डा देवी (नौगांवखाल) |
| 20 | श्रावण का मेला | श्रावण मास | नीलकण्ठ (लक्ष्मणझूला) |
| 21 | सिद्धबली मेला | महावीर जयन्ती | कोटद्वार |
| 22 | मुण्डनेश्वर कौथिग | ज्येष्ठ माह | मुण्डेश्वर (कल्जीखाल) |
| 23 | खड्डू का मेला | 2 गते बैसाथ | पाबौ |

**जनपद में डाक बंगले (विश्राम गृह) -**

**1- लोक निर्माण विभाग** - कण्डोलिया, सर्किट हाउस पौड़ी, चीला, सतपुली, बैजरों, बीरोंखाल, काण्डी, लैंसडाउन, कोटद्वार, अधवाणी, बघाणी, मूसागली, बूंगीधार, अदालीखाल, श्रीनगर, नौठा।

**2- वन विभाग विश्राम गृह** - खिर्सू, लिस्टाखेत (धूमाकोट), अदालीखाल, थलीसैण, कालागढ़, चीला, अदवाणी।

**3- पर्यटक विश्राम गृह गढ़वाल मण्डल विकास निगम**- श्रीनगर, श्रीकोट, पौड़ी, कोटद्वार, खिर्सू, लैंसडाउन।

**जनपद के प्रमुख होटल/धर्मशालाओं की सूचीः-**

**1- श्रीनगर - फोन/कोड-(01346)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- कल्याणेश्वर धर्मशाला | - | 2- डालमिया धर्मशाला | - |
| 3- काली कमली धर्मशाला | - | 4- हंस धर्मशाला श्रीकोट | - |
| 5- न्यू मेनका होटल | 252092 | 6- सुदर्शन रैजीडेन्सी | 252092 |
| 7- सिटी टोप रेस्टोरेन्ट | - | 8- मधुबन लॉज | - |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9- अहिंसा गेस्ट हाउस | 252662 | 10- जैन धर्मशाला | - |
| 11- श्रीपारस हंस धर्मशाला | - | 12- स्वर्गाश्रम ट्रस्ट धर्मशाला | - |
| 13- वी0जे0 इन होटल | 251749 | 14- पाइन इन होटल | 250132 |
| 15- प्राची होटल | 252308 | 16- राजहंस होटल | 252192 |
| 17- अल्पाइन होटल | 252508 | 18- सम्राट होटल | 252947 |
| 19- अजन्ता होटल | 252681 | 20- देवलोक होटल | 252237 |
| 21- आजाद लॉज | 253458 | 22- कोजी होटल | - |
| 23- हैप्पी होम होटल | 252815 | 24- GMVN श्रीनगर | 252191 |
| 25- GMVN श्रीकोट | 252499 | 26- GMVN खिर्सू | 258509 |

**2- पौड़ी- फोन/कोड-(01368)**

| | |
|---|---|
| 01- होटल फ्रन्टियर | 222270 |
| 02- होटल अम्बे | 223987 |
| 03- शिवालिक होटल माल रोड़ पौड़ी | 221937 |
| 04- मधुवन होटल माल रोड़ पौड़ी | 223322 |
| 05- श्री बद्री केदार धर्मशाला सिविल लाईन पौड़ी | |
| 06- सतपाल महाराज धर्मशाला श्रीनगर रोड़ पौड़ी | |

**3- कोटद्वार- फोन/कोड-(01382)**

| | |
|---|---|
| 01- अम्बे होटल देवी रोड़ कोटद्वार | 225040 |
| 02- होटल पेरामाउन्ट | - |
| 04- भारतभूमि निकट बस सटेण्ड़ कोटद्वार | 222260 |
| 05- शान्ति विश्राम गृह | 224603 |
| 06- दीपक होटल गोविन्दनगर | 228455 |
| 07- उत्तराखण्ड़ होटल | 222016 |
| 08- राज होटल देवी रोड़ कोटद्वार | 222347 |
| 09- नारायण लॉज | 223000 |
| 10- अमृत होटल | 228441 |
| 11- हिन्दू पंचायती धर्मशाला | - |

**4- सतपुली - फोन/कोड-(01386)**

| | |
|---|---|
| 01- होटल दून | 273296 |
| 02- होटल सेमवाल | - |
| 03- होटल खन्तवाल | 273284 |
| 04- होटल भट्ट | 273363 |

**05- लैंसडाउन - फोन/कोड-(01386)**

| | |
|---|---|
| 01- टूरिस्ट होटल लैंसडाउन | 262330 |
| 02- फेयर डील होटल | 262599 |
| 03- टूरिस्ट गेस्ट हाऊस (ग0म0वि0नि0) | ------ |
| 04- लक्ष्मी होटल | 262034 |

**06- लक्ष्मणझूला फोन/कोड(0135)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01- कमल गेस्ट हाउस | 2436055 | 02- बॉम्बे क्षेत्र | 2440200 |
| 03- जयपुर इन | 2440221 | 04- सूर्या होटल | 2433211 |
| 05- लक्की होटल | 2433223 | 06- धर्म यात्री निवास | 2433272 |
| 07- दिव्या होटल | 2435998 | 08- गंगोत्री गेस्ट हाउस- | 2432917 |
| 09- मूनलाईट गेस्ट हाउस | 2440004 | 10- शिवा रिजॉर्ट | ----- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11- ओम होटल | ---- | 12- होटल गुरूदेव | 2435721 |
| 13- राजदीप होटल | 2440048 | 14- गंगा साई गेस्ट हाउस | 2451246 |
| 15- कृष्णा कॉटेज | 2440193 | 16- ग्रीन होटल | 2431242 |
| 17- ग्रीन व्यू | 2434948 | 18- गंगा गेस्ट हाउस | 2440063 |
| 19- राज पैलेस | 2440079 | 20- वृजवासी होटल | 2435918 |
| 21- पिंक गेस्ट हाउस | 2430417 | 22- हिमालय गेस्ट हाउस | 2435507 |
| 23- रामा होटल | 2434417 | 24- शिवशक्ति मूनलाईट | 2440004 |
| 25- टी0आर0एच0 चीला | ------ | 26- नीलकण्ठ महादेव धर्मशाला | 01382-2638315 |
| 27- फूलचट्टी आश्रम | 0135-2440022 | 28- सन्तदेव आश्रम | 2430465 |
| 29- स्वर्गाश्रम ट्रस्ट | 2432082 | 30- गीता आश्रम | 2431998 |
| 31- परमार्थ निकेतन | 2434301 | 32- वानप्रस्थ आश्रम | 2430811 |
| 33- वेद निकेतन | 2430279 | 34- हरीहर पीठ | 2431182 |

**संसदीय क्षेत्रः-** सम्पूर्ण जनपद 02 गढ़वाल संसदीय क्षेत्रान्तर्गत है। वर्तमान समय में मा0 श्री तीरथ सिंह रावत जी इस सीट से सांसद है।

**विधानसभा क्षेत्रः-** **06**

| विधानसभा क्षेत्र का नाम | - | मा0 विधायक का नाम |
|---|---|---|
| 1- 28 विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर | - | श्रीमती रितु खण्डूरी (भाजपा) |
| 2- 29 विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार | - | श्री हरक सिंह रावत (भाजपा) |
| 3- 30 विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल | - | श्री सतपाल महाराज (भाजपा) |
| 4- 32 विधानसभा क्षेत्र लैंसडाउन | - | श्री दलीप सिंह रावत (भाजपा) |
| 5- 33 विधानसभा क्षेत्र पौड़ी | - | श्री मुकेश कोहली (भाजपा) |
| 6- 34 विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर | - | श्री धन सिंह रावत (भाजपा) |

**जनपद की प्रिन्टिंग प्रेसः-** - 38

1- **श्रीनगर** - सरस्वती पब्लिकेशन निरंजनी बाग श्रीनगर
- प्रिंट मीडिया ऐजेन्सी मोहल्ला श्रीनगर
- दिल्ली स्क्रीन प्रिन्टर्स एजेन्सी रोड़ श्रीनगर
- नौटियाल स्क्रीन प्रिन्टर्स यूनिवर्सिटी गेट श्रीनगर
- सूरज प्रिन्टिंग प्रेस रामलीला ग्राउण्ड श्रीनगर
- हिमालय प्रिन्टिंग प्रेस अपर बाजार श्रीनगर
- वीरभूमि प्रेस गणेश बाजार श्रीनगर
- गढ़वाल प्रिन्टिंग प्रेस वीरचन्द्र सिंह गढ़वाल मार्ग श्रीनगर
- ए0बी0 स्क्रीन प्रीटर्स वीरचन्द सिंह गढ़वाली मार्ग श्रीनगर
- सरस्वती आफसेट निरंजनी बाग श्रीनगर
- गढ़वाल स्क्रीन प्रिन्टर्स वीरचन्द्र सिंह गढ़वाल मार्ग श्रीनगर

2- **लैंसडाउन**- जसभारत प्रिन्टिंग प्रेस सदर बाजार लैंसडाउन

3- **सतपुली** - पस्पोला प्रिन्टिंग प्रेस सतपुली

4- कोटद्वार - सत्यपथ प्रिन्टिंग प्रेस मालवीय उद्यान कोटद्वार
- गढ़गौरव प्रिन्टिंग प्रेस बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार
- कालेश्वर प्रिन्टिंग प्रेस बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार
- संजो इन्सीट्यूट ऑफ प्रिन्टिंग प्रेस निकट रा0 चि0 कोटद्वार

- राजेश प्रिन्टिंग प्रेस देवीरोड़ कोट्द्वार
- राहुल प्रिन्टिंग प्रेस देवीरोड़ कोटद्वार
- गुप्ता प्रिन्टिंग प्रेस भवानी रोड़ कोटद्वार
- हिमांशु प्रिन्टिंग प्रेस जयानन्द भारती मार्ग कोटद्वार
- अरविन्द प्रिन्टिंग प्रेस बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार
- महादेव प्रिन्टिंग प्रेस गोविन्दनगर कोटद्वार
- शशि प्रिन्टिंग मालवीय उद्यान कोटद्वार
- सरस्वती प्रिन्टिंग प्रेस नजीबाबाद रोड़ कोटद्वार
- प्रतिभा प्रेस कोटद्वार
- शिवओम प्रिन्टिंग प्रेस एण्ड स्टेशनर्स देवीरोड़ कोटद्वार

5- पौड़ी
- नवप्रभात प्रिन्टिंग प्रेस धारा रोड़ पौड़ी
- कृष्णा प्रिन्टिंग प्रेस धारा रोड़ पौड़ी
- पब्लिक प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स निकट डाकघर पौड़ी
- आराधना प्रिन्टिंग प्रेस अपर बाजार पौड़ी
- हिमदर्पण समाचार पत्र/लक्ष्मी प्रिन्टिंग प्रेस पौड़ी
- पौड़ी टाइम्स/प्रिन्टिंग प्रेस पौड़ी
- गढ़वाल प्रिन्टिंग प्रेस श्रीनगर रोड़ पौड़ी
- प्रिन्टिंग प्रेस कम्प्यूटराईज खाण्ड्यूसैंण पौड़ी
- निहारिका प्रिन्टिंग प्रेस माल रोड़ पौड़ी
- हिमवन्त प्रिन्टिंग प्रेस कण्डोलिया रोड़ पौड़ी

6- बैजरो - 1

**जनपद में स्थित अतिमहत्वपूर्ण एवं महत्वपूर्ण औद्योगिक संस्थान एवं प्रतिष्ठान**

| क्र0सं0 | संस्थान/प्रतिष्ठान का नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 01 | रामगंगा बांध कालालगढ़ (198 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता) | कालागढ़ जनपद पौड़ी गढ़वाल |
| 02 | पावर हाउस चीला (144 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता) | चीला अन्तर्गत लक्ष्मणझूला |
| 03 | वी0ई0एल0 कोटद्वार | बलभद्र कोटद्वार |
| 04 | गढ़वाल रेजीमेट सेन्टर कोटद्वार | लैंसडाउन |
| 05 | आर्मी कैम्प कोटद्वार | कोटद्वार |
| 06 | ऑल इण्डिया रेडियो केन्द्र पौड़ी | पौड़ी |
| 07 | दूरदर्शन केन्द्र पौड़ी | पौड़ी |
| 08 | एस0एस0बी0 ग्रुप सेन्टर श्रीनगर | श्रीनगर गढ़वाल |
| 09 | 132 के0वी0 विद्युत उपग्रह | श्रीनगर गढ़वाल |
| 10 | वाटर पम्प हाउस श्रीनगर/पौड़ी | घसिया महादेव श्रीनगर गढ़वाल |
| 11 | दूरसंचार सी0 डॉट | निकट एस0एस0बी0 श्रीनगर गढ़वाल |
| 12 | पशुलोक बैराज | बैराज थाना लक्ष्मणझूला अन्तर्गत |
| 13 | नीलकण्ठ महादेव मन्दिर | लक्ष्मणझूला |
| 14 | सिद्धबली मन्दिर | कोटद्वार |
| 15 | स्वर्गाश्रम क्षेत्र | लक्ष्मणझूला |

## प्राकथन

यह मैनुअल अथवा हस्त पुस्तिका संसद द्वारा पारित सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अनुरूप विभाग को शासन तथा लोकतन्त्र के प्रति उत्तरदायी बनाने के साथ-साथ भ्रष्टाचार को रोकने एवं सूचना की पारदर्शिता की अपेक्षा रखने के उद्देश्य से तैयार की गयी है। यह अधिनियम दिनांक 12-10-2005 से लागू किया गया है। अधिनियम के अध्याय-2 नियम-4(1)(ख) में निर्दिष्ट 17 बिन्दुओं में से बिन्दु-01 के सम्बन्ध में जनपद पुलिस विभाग के विभागीय क्रियाकलापों को इस हस्त पुस्तिका में समाहित करने का पूर्ण प्रयास किया गया है ताकि जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ आम जनमानस के समक्ष सूचना की पारदर्शिता बनी रहे। उत्तराखण्ड सूचना आयोग के निर्देशानुसार इन 17 बिन्दुओं के मैनुअलों का अलग-अलग मैनुअल बनाया जाना है, जो अपने में एक स्वतन्त्र (Stand Alone) मैनुअल होगा। इस प्रकार सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत पुलिस विभाग, जनपद पौड़ी गढ़वाल के सभी 17 मैनुअल बने हुये हैं, जिनमें से यह मैनुअल संख्याः-01 कहलायेगा।

2- यह मैनुअल जनपद के सभी जन प्रतिनिधियों एवं आम जनता के साथ-साथ विभाग के कर्मियों के लिये भी उपयोगी सिद्ध होगा। विभागीय कार्यक्रमों के सम्बन्ध में मैनुअल में दी गयी कतिपय सूचना शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर तैयार की गयी है और कतिपय सूचनाओं को इस आधार पर तैयार किया गया है कि विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की वित्तीय एवं भौतिक स्थिति की जानकारी आम नागरिकों को सरलतम रूप में प्राप्त हो सके। मैनुअल/पुस्तिका में यथासम्भव सरलतम शब्दों का प्रयोग किया गया है ताकि आम नागरिकों को इसे समझने में आसानी रहे।

3- इस हस्त पुस्तिका में समाहित विषयों एवं कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी लोक सूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक, पौड़ी गढ़वाल से प्राप्त की जा सकती है। पुस्तिका में उपलब्ध करायी गयी जानकारी के अतिरिक्त यदि अन्य किसी प्रकार की सूचना जो कि अधिनियम की व्यवस्थाओं के अधीन हो, वह भी लोक सूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक की अनुमति से प्राप्त की जा सकती है। जो भी व्यक्ति/नागरिक इस अधिनियम के अधीन किसी प्रकार की सूचना प्राप्त करना चाहेगा उसे अधिनियम की धारा-6(1) में निहित व्यवस्था के तहत हस्तलिखित अथवा इलैक्टॉनिक युक्ति के माध्यम से हिन्दी भाषा में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने तथा अधिनियम की धारा -7(5) में किये गये प्राविधान के अधीन शासन द्वारा निर्धारित शुल्क रू0-10/- प्रति आवेदन पत्र नगद, बैंक ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, भ0पो0ऑ0 अथवा भारतीय गैर न्यायिक अधिपत्र (स्टाम्प), जो विभाग के वित्त/लेखाधिकार के नाम देय हो, से जमा करने पर आवेदन पत्र में चाही गयी सूचना को निम्नानुसार अतिरिक्त शुल्क जमा करने पर 30 दिन की अधिकतम समय सीमा के अन्तर्गत प्राप्त कर सकता है। सूचना उसी रूप में दी जा सकेगी, जिस रूप में विभाग द्वारा रखी जाती है। विभिन्न प्रकार की सूचनाओं को एक साथ अथवा एक ही प्रपत्र पर संकलित कर आवेदक को उपलब्ध नहीं कराया जा सकेगा। इसलिये विभाग के पास विभागीय सूचना जिस रूप में होगी उसी रूप में आवेदित व्यक्ति/नागरिक को उपलब्ध करायी जा सकेगी। शासन से निर्धारित शुल्कः का विवरण निम्न प्रकार हैः-

1- तैयार की गयी सामग्री अथवा किसी अभिलेख की छायाप्रति A4 या A3 साइज के कागज पर एक पृष्ठ की रू-02/- प्रति पेज की दर से भुगतान करने पर।

2- बड़े आकार के कागज में प्रतिलिपि दिये जाने पर उसकी वास्तविक लागत के समतुल्य धनराशि।

3- अभिलेखों का निरीक्षण करने के लिये प्रथम एक घण्टे के लिये कोई शुल्क देय नहीं होगा। एक घण्टे पश्चात प्रत्येक 15 मिनट अथवा उसके किसी भाग हेतु रू0-05/- की दर से शुल्क देय होगा।

4- डिस्केट/फ्लॉपी में सूचना उपलब्ध कराने के लिये रू0-20/- प्रति डिस्केट/फ्लॉपी देय होगी।

5- सैम्पल/मॉडल की दशा में उसकी वास्तविक लागत का भुगतान करना होगा।

6- उक्तानुसार निर्धारित शुल्क लोक सूचना अधिकारी अथवा उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी या कर्मचारी के पास जमा कर उसकी प्राप्त रशीद कोषागार प्रपत्र-385 पर प्राप्त की जा सकती है।

# पुलिस विभाग
# जनपद पौड़ी गढ़वाल
# मैनुअल संख्याः-1
# संगठन की विशिष्टियां
# और कर्तव्य

**<u>गढ़वाल (उत्तराखण्ड)</u>**

भारत सरकार द्वारा "सूचना का अधिकार अधिनियम-2005" सम्बन्धी कानून पारित किये जाने के फलस्वरूप की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में सूचना।

## पुलिस विभाग की विशिष्टियां, कृत्य एवं कर्तव्य

पुलिस विभाग की विशिष्ठियां, कृत्य और कर्तव्य का विवरण अंकित किये जाने से पूर्व संगठन की संरचना का विवरण दिया जाना आवश्यक प्रतीत होता है, जो निम्नवत् हैः-

पुलिस विभाग का संगठन प्रदेश स्तर पर पुलिस महानिदेशक, परिक्षेत्र स्तर पर पुलिस महानिरीक्षक अथवा पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं जिला स्तर पर वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित होता है। पुलिस विभाग का संगठनात्मक ढ़ांचा निम्नानुसार हैः-

1- पुलिस महानिदेशक - राज्य स्तर पर

2- पुलिस उप/महानिरीक्षक - परिक्षेत्र स्तर पर

3- वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक - जनपद स्तर पर

जनपद स्तरीय पुलिस संगठन को मुख्यतः 05 भागों में विभाजित किया गया हैः-

1- कानून/शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु

2- स्थानीय स्तर पर अभिसूचना संकलन हेतु

3- रिजर्व पुलिस बल

4- संचार व्यवस्था हेतु 5- कार्यालय प्रबन्धन हेतु

## 1-कानून/शान्ति व्यवस्था हेतुः-



## 2- स्थानीय स्तर पर अभिसूचना संकलन हेतुः-




## 3-रिजर्व पुलिस बलः-



**4-संचार व्यवस्था हेतु-**




**5-कार्यालय प्रबन्धन हेतुः-**



**<u>कार्यालय प्रबन्धः</u>**

**<u>विशिष्टियां-</u>**

भारत की स्वतन्त्रता से पूर्व ब्रिटिश सरकार ने पुलिस अधिनियम 1861 के द्वारा पुलिस विभाग को स्थानीय विधि/व्यवस्था के अधीन किया था। पुलिस अधिनियम 1861 के धारा 3 के अनुसार पुलिस का पर्यवेक्षण राज्य सरकार में निहित होता है। संविधान की अनुसूची-06 में राज्य सूची-2 एवं संविधान के अनुच्छेद 162 के अनुसार पुलिस पर अन्तिम नियन्त्रण राज्य सरकार का है। जिस प्रकरण में राज्य सरकार को विधायी शक्तियां प्राप्त हैं, उस प्रकरण में कार्यपालिका राज्य सरकार की कार्यपालिका में निहित होगी। पुलिस पर यह नियन्त्रण गृहमंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा प्रभावी होता है तथा अन्ततोगत्वा मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्री परिषद द्वारा नियंत्रित होता है।

**<u>कृत्यः</u>-**

पुलिस विभाग अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाकर राष्ट्र के समस्त नागरिकों को भयमुक्त समाज प्रदान किये जाने की अभिधारणा पर कार्य करने वाला एक अनुशासित संगठन है। यह संगठन संविधान एवं विधि के अनुरुप नागरिकों के अधिकारों एवं हितों का संरक्षक है, इसके अभाव में नागरिकों की सुरक्षा अथवा संविधान में निहित भावनाओं को पूर्ण किया जाना कदापि सम्भव नहीं है।

**<u>कर्तव्यः</u>-**

पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य अपराध एवं अव्यवस्था को रोकना तथा यातायात व्यवस्था बनाये रखना है। पुलिस के आधारभूत कर्तव्य निम्नवत् हैः-

**1-** अपराध का निवारण

**2-** अपराध घटित होने पर अपराध की विवेचना/अनावरण

**3-** अपराधियों को निरूद्ध करना

**4-** न्यायालयों में अभियोजन

**5-** शान्ति व्यवस्था का अनुरक्षण

**6-** मित्र पुलिस का क्रियान्वयन

**7-** मानवाधिकारों का अनुरक्षण

# पुलिस विभाग
# जनपद पौड़ी गढ़वाल
# मैनुअल संख्याः-2
# अधिकारियों/कर्मचारियों की शक्तियां और कर्तव्य
# जनपद स्तर

***<u>वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षकः-</u>***

वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, जिले का प्रधान होता है। वह बल की क्षमता, अनुशासन और कर्तव्यों का समुचित पालन कराने के लिये उत्तरदायी है। उसे यह देखना चाहिये कि न्यायालयों और अन्य सक्षम प्राधिकारियों के आदेशों का तत्काल क्रियान्वयन हो रहा है अथवा नहीं। वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक को कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आई0पी0सी0/सी0आर0पी0सी0/विभिन्न अधिनियमों तथा विधि द्वारा स्थापित सभी नियमों का पालन कराये जाने हेतु समस्त अधिकार प्राप्त हैं, इसके अतिरिक्त मुख्य आरक्षी तक के कर्मियों का नियुक्ति प्राधिकारी होने के कारण उसे उन्हें पदच्युत/निलम्बित किये जाने का अधिकार भी प्राप्त है।

**<u>वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त अन्य अधि0/कर्म0 की शक्तियां और कर्तव्य</u>**

| क्र0सं0 | कार्य की प्रकृति | सम्बन्धित कर्तव्य |
|---|---|---|
| 1 | पुलिस उपाधीक्षक | **1.** अपने क्षेत्रान्तर्गत कानून/शान्ति व्यवस्था की स्थिति बनाये रखना ।<br>**2.** अपराधों का पर्यवेक्षण करना ।<br>**3.** पुलिस लाईन/पुलिस कार्यालय से सम्बन्धित ऐसे समस्त कार्यो का सम्पादन करना, जिन्हे किये जाने हेतु वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राधिकृत किया गया हो।<br>**4.** पुलिस उपाधीक्षक किसी ऐसे कार्य का पालन कर सकेगें, जिसे वह किसी विधि या नियम के द्वारा स्वयं ही करने को बाध्य न हो।<br>**5.** वे जॉच और सिफारिश कर सकते है, चाहे तब वह अन्तिम आदेश करने को सशक्त न हो।<br>**6.** दण्ड के मामलों में वे वृहद दण्ड एवं निलम्बन के अतिरिक्त अधीक्षक के कर्तव्यों का पालन करने को सशक्त होंगे।<br>7. पुलिस अधिनियम की धारा-30 एवं 30-ए के अधीन पुलिस अधीक्षक के सभी कर्तव्यों का पालन करने को सशक्त हैं।<br>8. अन्य विधिक कार्य। |
| 2- | निरीक्षक/<br>उपनिरीक्षक | 1- थाना प्रभारी के रूप में समस्त अधिकारों एवं उत्तरदायित्वों का निर्वहन।<br>2- क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था की स्थिति बनाये रखना।<br>3- अपराधों की विवेचना सम्बन्धी कार्य।<br>4- विधि द्वारा समय-समय पर स्थापित अधिनियमों/आई0पी0सी0/सीआरपीसी आदि में निहित शक्तियों का प्रयोग करना।<br>5- उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर दिये गये प्रकरणों में जॉच आख्या प्रस्तुत करना।<br>6- उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे गये कार्यों का सम्पादन करना।<br>7- उच्चाधिकारियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों/आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराना।<br>8- सभी महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं अपराध घटित होने की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देना आदि। |
| 3- | प्रधान लेखक(हे0का0) | 1- थाने में रिकार्ड कीपर और लेखपाल का कार्य करना।<br>2- जनरल डायरी और अपराधों की प्रथम इत्तिला रिपोर्ट लिखना।<br>3- अंग्रेजी/हिन्दी में रोकड बही और दूसरी लेखा पुस्तकें बनाये रखने तथा थाने में होने वाले सभी सरकारी धन और मूल्यवान सम्पत्ति को सुरक्षित अभिरक्षा मे रखना।<br>4- ग्राम चौकीदारों की उपस्थिति को उनके बोर्डो पर अभिलिखित करना और अपेक्षित |

| | | |
|---|---|---|
| | | होने पर उनकी पुस्तकों में प्रवृष्टियां करना।<br>5- आरक्षियों को पुलिस गजट और किमिनल इन्टेलीजेन्स गजट की अधिसूचनाओं और ऐसे अन्य कागजों को जिन्हें भारसाधक अधिकारी चुने, जोर-जोर से पढ़कर सुनाना।<br>6- विवरणों, वेतन, पत्रक और वेतन संक्षेप संकलिक करना, रजिस्टर तैयार करना और अन्य लिपिकीय कार्य करना, जो उसे भारसाधक, अधिकारी द्वारा समनुदेशित किया जावे।<br>7- सभी पुस्तकों/अभिलेखों को रखना।<br>8- उपरोक्त के अतिरिक्त थाना प्रभारी द्वारा दिये गये अन्य कार्य।<br>9- जहां द्वितीय अधिकारी न हो पैरा-51 में वर्णित सिवाय 4 के कर्तव्यों का पालन कराना। |
| 4- | आरक्षी ना0पु0 | 1- अपराध को घटित होने से रोकना।<br>2- संतरी ड्यूटी के समय हवालात में बंदियों, तिजोरी, मालखाने आदि सभी की रक्षा करना।<br>3- अपनी बीट सम्बन्धी सूचनाओं का संकलन, बीट बुक में उनका अंकन आदि करना।<br>4- उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत निर्देशों का पालन करना। |
| 05 | अभिसूचना इकाई में नियुक्त सभी कर्मी (लिपिक/चतुर्थ श्रेणी को छोड़कर) | 1- अभिसूचनाओं का संकलन<br>2- विदेशी नागरिकों के आवागमन पर दृष्टि रखना।<br>3- जनपद में प्रचलित समस्त गतिविधियों पर दृष्टि रखना यथा समय सूचना सम्बन्धित उच्चाधिकारियों को प्रेषित करना।<br>4- पारपत्रों/चरित्र सत्यापनों की जाँच करना।<br>5- उपरोक्त के अतिरिक्त उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर प्राप्त होने वाले दिशा निर्देशों का अनुपालन। |
| 6 | रिजर्व निरीक्षक/ रिजर्व उपनिरीक्षक | 1- सभी रक्षकों और मार्गरक्षियों का निरीक्षण करना तथा यह देखना कि वह अपने कर्तव्यों से पूर्ण रूप से परिचित है अथवा नहीं।<br>2- नियमित रूप से परेड कराना तथा यह देखना कि उनके पास सम्पूर्ण किट है अथवा नहीं।<br>3- पुलिस लाईन में कर्तव्यों के सही वितरण पर दृष्टि रखना।<br>4- रिजर्व के वस्त्रों, आयुधों, गोला-बारूदों, डोरों और भण्डारों की सुरक्षित अभिरक्षा एवं रजिस्टरों का रखरखाव करना।<br>5- रंगरूटों के प्रशिक्षण और पूरे बल के या व्यायाम का शिक्षण तथा अभ्यास करने के लिए उत्तरदायी है।<br>6- वार्षिक फायरिंग के समय स्वयं उपस्थित रहेगें।<br>7- आकस्मिक रूप से गार्दो का निरीक्षण करेंगे तथा कोषालय में गोला बारूद और हवालात के कमरों का परिदर्शन करेगें तथा इसकी टिप्पणी आवश्यक अभिलेखों में करेगें।<br>8- इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत आदेशों का पालन करेगें।<br>9- रिजर्व निरीक्षक किसी आरक्षी को अधिकत 03 दिवस के लिये व्यायाम और थका देने वाले कर्तव्यों का दण्ड दे सकते हैं। |
| 7- | मुख्य आरक्षी स0पु0 | 1- गार्द और मार्ग रक्षकों को कमांड करने, व्यायाम में अनुदेश दे सकता है।<br>2- गार्द कमाण्डर के रूप में विभिन्न स्थानों की सुरक्षा हेतु नियुक्त किया जा सकता |

| | | |
|---|---|---|
| | | है।<br>3- महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा में गनर के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।<br>4- इसके अतिरिक्त उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन।<br>5- यातायात डयूटी में नियुक्त किया जा सकता है। |
| 8- | आरक्षी स0पु0 | 1- विभिन्न सुरक्षा गार्दो में सुरक्षा हेतु नियुक्त किया जा सकता है।<br>2- शांति-व्यवस्था ड्यूटी में नियुक्त किया जा सकता है।<br>3- यातायात नियंत्रण ड्यूटी में नियुक्त किया जा सकता है। |
| 9- | मुख्य आरक्षी एम0टी0 | 1- जनपद में उपलब्ध वाहनों की देख रेख करना<br>2- वाहनों के सम्बन्ध में पूर्ण अभिलेख रखना।<br>3- एमटी कार्यालय सम्बन्धी समस्त अभिलेखों का रखरखाव। |
| 10 | आरक्षी चालक | 1- वाहनों का संचालन<br>2- वाहनों की देखरेख |
| 11 | मुख्य आरक्षी आरमोरर | 1- शस्त्रों का आवश्यकतानुसार वितरण करना तथा उनकी साफ-सफाई का ध्यान रखना।<br>2- वितरित किये गये शस्त्रों का निरीक्षण करना।<br>3- शस्त्रागार में उपलब्ध सभी प्रकार के अभिलेखों की देखरेख करना। |
| 12 | आरक्षी आरमोरर | मुख्य आरक्षी आरमोरर की सहायता करना |
| 13 | रेडियो शाखा | 1- जनपद के सभी थानों से लगातार सम्पर्क स्थापित किया जाना।<br>2- संचार सम्बन्धी उपकरणों का रखरखाव करना।<br>3- विभिन्न सूचनाओं का संप्रेषण करना।<br>4- कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों का रखरखाव करना। |
| 14 | प्रधान लिपिक (मय सहायकों के) | 1- बाहरी जनपद से होने वाले समस्त पत्र-व्यवहार हेतु उत्तरदायी हैं।<br>2- पुलिस कर्मियों के सेवाभिलेखों का रखरखाव।<br>3- दण्ड/वेतन/पेंशन/सत्यापन सम्बन्धी कार्य।<br>4- उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य सभी प्रशासनिक कार्यों का सम्पादन तथा उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत निर्देशों का अनुपालन। |
| 15- | आंकिक (मय सहायकों के) | 1- सभी प्रकार के आहरण/वितरण सम्बन्धी कार्य। |
| 16- | आशुलिपिक | 1- पुलिस अधीक्षक के गोपनीय सहायक के रूप में कार्य करते है। गोपनीय प्रवृत्ति के सभी आदेशों/निर्देशों/प्रपत्रों को सुरक्षित रखना।<br>2- पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत आदेशों का अनुपालन। |
| 17- | वाचक (मय सहायकों के) | 1- जनपद के अपराधों सम्बन्धी सभी प्रकार के अभिलेखों का रखरखाव।<br>2- उच्चाधिकारियों/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत निर्देशों का संप्रेषण। |

# पुलिस विभाग

# जनपद पौड़ी गढ़वाल

# मैनुअल संख्या-3

# विनिश्चय करने में पालन की जाने वाली प्रक्रिया, जिसमें पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यम सम्मिलित हैं।

पुलिस विभाग के अन्तर्गत संचालित किये जाने वाले कार्यों की प्रक्रिया, पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के सम्बन्ध में पूर्ण प्रक्रिया पुलिस कार्यालय मैनुअल के अन्तर्गत की जाती है, जिसके अनुसार सामान्यतयाः निम्नवत् प्रक्रिया अपनायी जाती हैः-

**1-प्राप्त होने वाले पत्र व्यवहारः-**

सन्दर्भ पुस्तिका पुलिस आफिस मैनुअन

पुलिस कार्यालय में प्राप्त होने वाली दैनिक डाक (अर्द्धशासकीय व गोपनीय डाक) सिवाय तब जब कि वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पर उपस्थित न हो, वह समस्त प्राप्त किये गये पत्रों का स्वयं प्राप्त करेंगे, खोलेंगे तथा उन पर आदेश पारित करेंगे। तत्पश्चात पत्रों को प्रधान लिपिक के पास भेजेगें, जो प्रत्येक पत्र पर प्राप्ति की तारीख की मुहर लगायेगा और तत्पश्चात उन्हें फाईल लिपिक के पास भेज देगा। तब फाईल लिपिक खुली हुई फाईलों से सम्बन्धित पत्रों को सम्बद्ध फाईल पर लगायेगा और उन्हें प्रधान लिपिक के पास कार्यवाही के लिए भेज देगा (जब तक की उन पर अन्तिम आदेश पारित न कर दिये गये हो) और पत्रों के लिए नई फाईलें खोलेगा।

**2- फाईलें रखने की प्रणालीः-**

पुलिस कार्यालय में प्राप्त होने वाले पत्रों की प्राप्ति व प्रेषण (पोस्टेज व स्थानीय डाक प्रेषण रजिस्टर के अतिरिक्त) रजिस्टर नहीं रखा जाता बल्कि प्रत्येक पत्र के लिए अलग-अलग पत्रावली आरम्भ की जाती है, यदि उस विषय पर पूर्व से पत्रावली प्रचलित हो तो पत्र उस पत्रावली के साथ संलग्न कर कार्यवाही की जाती है। पत्रावलियॉ विषयवार तथा वर्णमाला के अक्षरों के आधार पर खोली जाती हैं।

जिन पत्रों पर कार्यावाही मूल पत्र पर ही की जानी होती है उन पत्रों के लिए पत्रावली खोला जाना आवश्यक नहीं है, बल्कि इन मूल पत्रों पर कार्यवाही किये जाने हेतु अलग-अलग रजिस्टर खोले जाते है, जैसे-

1-सामान्य रजिस्टर(जी0आर0)

2-सत्यापन रजिस्टर(वी0आर0)

(क)-पुलिस सत्यापन(पी0वी0आर0)

(ख)-सेना सत्यापन(एम0वी0आर0)

(ग)-सामान्य सत्यापन(सी0वी0आर0)

**3-फाइलों की अनुक्रमणिकाः-**

प्रत्येक पत्र के लिए अलग-अलग पत्रावली आरम्भ की जाती है, जिसका विवरण अनुक्रमणिका में रखा जाता है। अनक्रमणिका के प्रत्येक वर्णमाला के लिए रजिस्टर के बायीं ओर नम्बर अंकित होते हैं, जिस नम्बर की जिस वर्णमाला की पत्रावली खोजी जाती है वह नम्बर काट दिया जाता है ताकि उस नम्बर की दूसरी फाईल न खुले।

पत्रावली सुगमतापूर्वक ट्रेस (ढूढने) करने हेतु प्रत्येक विषय/नाके अनुसार वर्णमाला के अनुसार क्रास रिफरेन्स अंकित कर दिया जाता है ताकि पत्रावली तुरन्त ट्रेस हो सके।

अनुक्रमणिका प्रत्येक वर्ष नई बनायी जाती है, जिसमें पिछले वर्ष में बन्द पत्रावलियॉ नहीं लायी जाती है केवल चालू पत्रावलियॉ नई अनुक्रमणिका में लायी जाती हैं, जिनकी संख्या लाल रंग से काटी जाती है ताकि ज्ञात हो सके की यह पत्रावलियां पिछले वर्ष से लायी गयी हैं। नवीन वर्ष में खोली जाने वाली पत्रावलीयों की संख्या नीले/काले पैन से काटी जाती हैं।

**4-स्मरण पत्रः-**

स्मृति पत्र समय पर उत्तर प्राप्त न होने पर एक माह के पश्चात स्मृति-पत्र भेजे जाते हैं। स्मृति पत्र हेतु एक डायरी रखी जाती है, जिसमे अंकित किया जाता है कि किस पत्रावली में किस क्रमांक पर उत्तर प्राप्त न होने पर स्मृति पत्र किस तिथि को दिया गया।

**5-स्थायी आदेश-**

प्रत्येक ऐसे विषय पर जिन पर स्थायी आदेश जारी किये जाते हैं, एक अनुदेश फाईल खोली जाती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी विषय विशेष पर समस्त आदेश तत्काल निर्देश के लिये तारीखवार एक स्थान पर रखे जायेंगे। इन अनुदेश फाईलों को स्थायी अभिलेख माना जायेगा तथा उन्हें अत्यन्त सावधानी से रखा जायेगा। उन्हें फाईलों की अनुक्रमणिका में प्रविष्ट नहीं किया जायेगा, बल्कि एक अलग अनुक्रमणिका में रखा जायेगा, जिसका शीर्षक अनुदेश फाईलों की अनुक्रमणिका जो स्थायी में रखा जायेगा।

**6-निर्देश पत्रावलीः-**

शासन एवं विभागाध्यक्ष द्वारा पारित निर्देश हेतु अलग से निर्देश पत्रावलियां रखी जाती हैं, जिसके लिये अलग से अनुक्रमणिका बनायी जाती है तथा प्रत्येक निर्देश पत्रावली की बांयी ओर इन्डेक्स बनाया जाता है।

**7-गार्ड फाईलेः-**

गार्ड फाईल प्रत्येक वर्ष शासन तथा विभिन्न उच्चाधिकारियों द्वारा प्रसारित परिपत्रों के लिये हर वर्ष अलग-अलग रखी जाती है। जैसै-

1-शासन द्वारा प्रसारित परिपत्र।

2-पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रसारित परिपत्र।

3-पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रसारित परिपत्र।

4-परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा प्रसारित परिपत्र।

यह गार्ड फाईलें स्थायी तौर पर अर्थात 20 वर्ष तक रखी जाती है प्रत्येक गार्ड फाईल के बांये ओर इन्डेक्स बनाया जाना आवश्यक है।

**अभिलेखागारः-**

सन्दर्भ पुस्तिका पुलिस ऑफिस मैनुअल

पुलिस कार्यालय में पत्र व्यवहार शाखा के अन्तर्गत रिकार्ड रूम होता है जिसमें क्राईम सम्बन्धी रिकार्ड रखा जाता है, जिसमे निम्नलिखित अभिलेख रखे जाते है-

1- आपराधिक केस डायरियां, न्यायालय के फैसले होने पर।

2- न्यायालय से फाईनल रिपोर्ट स्वीकृत होने पर।

3- न्यायालय से मफरूर घोषित होने पर। 4- दरयाफ्त हाल।

5- सत्यापन प्रपत्र। 6-अन्य विभिन्न पत्रादि जिसको कार्यालय में आवश्यकता नहीं होती है।

**लेखा अनुभाग (आंकिक शाखा)-**

वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक अपने कार्यालय के लेखा के रख-रखाव को सूचारू रूप से रखवाने हेतु जिम्मेदार होते हैं। वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक अपने कर्तव्य के संचालन हेतु अपने अधीनस्थ राजपत्रित अधिकारी को सौंप सकते हैं परन्तु रोकड़ बही प्रतिदिन पुलिस अधीक्षक द्वारा ही की जाती है उनके मुख्यालय से बाहर रहने पर वापस मुख्यालय आने पर उनके द्वारा इसको चैक करना आवश्यक है।

1- लेखा के रखरखाव के लिए आंकिक पूर्ण रूप से जिम्मेदार होते हैं, वह कार्य को अपने सहायको में कार्य की महत्ता के अनुसार वितरित करते हैं।

2- दिन के अन्त में आंकिक/कैशियर केस वापस/टैस्ट की चाभी उसी धनराशि तक के लिए अपने पास रखी जायेगी जितनी धनराशि की उनकी जमानत की राशि जमा हो, अन्यथा चाभी पुलिस अधीक्षक द्वारा रखी जायेगी।

**3-धन की अभिरक्षा एवं प्राप्तिः-**

पांच हजार तक की धनराशि ट्रेजरी/बैंक से आंकिक (कैशियर) कैश हवलदार द्वारा लाई ले जाई जाती है।पांच हजार से अधिक की धनराशि लाने एवं ले जाने के लिए गार्द की शक्ति निम्न प्रकार आवश्यक हैः-

| | |
|---|---|
| 1-दो लाख से अधिक पांच लाख तक | 02 हेड कान्स0 04 कान्स0 |
| 2-पांच लाख से अधिक दस लाख तक | 03 हेड कान्स0 05 कान्स0 |
| 3-दस लाख से अधिक बीस लाख तक | 01 उनि0 03 हेड कान्स0 06 कान्स0 |
| 4-बीस लाख से अधिक | 01 निरीक्षक 03 हेड कान्स0 08 कान्स0 |

यह गार्द आंकिक/कैशियर के साथ कार्यालय में तब तक रहेगी जब तक की वह इस धनराशि को वितरित नहीं कर देती या गार्ड की अभिरक्षा में केस चेस्ट में नहीं रख देगा।

4-लेखा सम्बन्धी अनुदान प्राप्त करने हेतु पत्र व्यवहार पुलिस मुख्यालय से किया जाता है।

सन्दर्भ पुस्तिका पुलिस ऑफिस मैनुअल

**5-रोकड़बहीः-**

प्रतिदिन रोकड़बही अन्त में शेष धनराशि यदि कोई हो तो उसका अंकन किया जाता है। पूर्व दिन की रोकडबही प्रत्येक दूसरे दिन मुख्य लिपिक द्वारा उनके द्वारा क्रेडिट ऑडिट से मिलान करके रोकडबही में हस्ताक्षर बनायें जाते है। तत्पश्चात आंकिक द्वारा रोकड़बही वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक/आहरण वितरण अधिकारी के सम्मुख प्रतिदिन आवश्यक वाउचर क्रेडिट आर्ड के साथ रखी जाती है, मिलान करने के पश्चात ही रोकड़बही में हस्ताक्षर किये जाते है।

**6-क्रेडिट आर्डर(जमा आदेश)-**

जब भी कोई बिल धन आहरित करने हेतु वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक/आहरण वितरण अधिकारी के सम्मुख हस्ताक्षर हेतु रखा जाता है या कोई बैंक ड्राफ्ट/क्रेडिट मनीआर्डर/नगद धन प्राप्त होता है तो उसके साथ क्रेडिट आर्डर जो प्रधान लिपिक द्वारा भरा जाता है, या साथ-साथ हस्ताक्षरित किया जाता है, जिसका विवरण (संख्या) कैस बुक में कैस बुक के क्रमांक के ऊपर दिया जाता है। चालू क्रेडिट आर्डर बुक जो 100 पेज की होती है का रखरखाव प्रधान लिपिक द्वारा किया जाता है। शेष सादी सी0ओ0 बुक वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक के अभिरक्षण में रहते हैं, जिसका हिसाब आशुलिपिक द्वारा रखा जाता है।

**7-एस0एस0 मनी (सीक्रेट सर्विस मनी)-**

गोपनीय सूचनाएं एकत्रित करने पर होने वाले व्यय के समायोजन हेतु प्रतिवर्ष धनराशी वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक को आंवटित की जाती है, जिसका बिल कन्टिन्जेक्ट बिल फार्म में बनाया जाता है, परन्तु इसका क्रेडिट आर्डर नहीं काटा जाता है, इसकी रोकड़ बही अलग से वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक के गोपनीय कार्यालय में रखी जाती है।

(2)- विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों को शासन द्वारा निर्धारित वित्तीय नियमों एवं प्रक्रियाओं के अधीन क्रियान्वित किया जाता है। क्रियान्वित कार्यक्रमों का समय-समय पर अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण नियन्त्रक प्राधिकारी के साथ-साथ उच्चाधिकारीयों द्वारा भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त अधिष्ठान एवं आय-व्ययक सम्बन्धी कार्यों को भी समय-समय पर अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण नियन्त्रक प्राधिकारी के साथ-साथ उच्चाधिकारीयों द्वारा भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त अधिष्ठान एवं आय-व्ययक सम्बन्धी कार्यों को भी समय-समय पर शासन द्वारा निर्धारित नियमों/व्यवस्थाओं के अनुरूप सम्पादित किया जाता है यदि किसी स्तर पर नियमानुसार कार्य सम्पादन नहीं किया जाता है अथवा किसी प्रकार की अनिमियतता प्रकाश में आती है तो ऐसे उत्तरदायी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध शासकीय नियमों के अन्तर्गत अनुशासनात्मक/दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाती है।

संख्याः- डीआईजी(मु0) परिपत्र-1/2005 दिनांक 01-01-2005

3- किसी विषय विशेष पर निर्णय लेने के लिए सम्बन्धित शासनादेश एवं वित्तीय नियमों को संज्ञान में लेते हुए उनका निस्तारण किया जाता है। आवश्यकता पडने पर यदि किसी प्रकरण में शासनादेश एवं निर्धारित व्यवस्थायें स्पष्ट न हों और उस पर जनपद स्तर पर निर्णय ले पाना सम्भव न हो पावे, तो ऐसे प्रकरणों पर पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र एवं पुलिस मुख्यालय से मार्गदर्शन प्राप्त किया जाता है।

**निर्माण कार्यों का निरीक्षण तथा निर्मित भवनों का हस्तान्तरणः-**

जनपद में प्रचलित निर्माण कार्यों का निरीक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुख्यालय उत्तराखण्ड, पुलिस मुख्यालय देहरादून के पत्र संख्या-डीआईजी(मु0)/परिपत्र-1/2005 दिनांक 01-01-2005 में दिये गये निर्देशानुसार कराये जा रहे हैं तथा निर्मित भवनों का हस्तान्तरण किया जा रहा है। संलग्न-1

**संलग्न-1**

समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक प्रभारी जनपद,
सेनानायक, पीएसी वाहिनियां।

प्रायः देखा जा रहा है कि निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में जनपद/इकाई स्तर पर नियमों के अन्तर्गत कार्यों का पर्यवेक्षण एवं अन्य अपेक्षित कार्यवाही नहीं की जा रही है। सम्भवतः इस सम्बन्ध में जानकारी का अभाव है। इसी तारतम्य में विभाग के भवन निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में कुछ मुख्य बिन्दु इस परिपत्र में उल्लिखित है, जिनके आधार पर कार्यों का निरीक्षण/पर्यवेक्षण में सुविधा होगी।

**1-निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कराये जाने वाले कार्य-**

1- निर्माण कार्य हेतु वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक/सेनानायक द्वारा भूमि चिन्हित की जाये

2- उपलब्ध भूमि का निर्माण इकाई भी मिलकर सम्पूर्ण ले-आउट प्लान (मास्टर प्लान) तैयार कराया जाए ताकि भूमि का दुरूपयोग न हो।

3- निर्माण कार्य से पूर्व कार्यों की विस्तृत ड्राइग निर्माण एजेन्सी से मिलकर तैयार किया जाये एवं उनसे विस्तृत आगणन की प्रति लेकर इसे प्रति हस्ताक्षर कर एक प्रति पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायी जाये वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक/सेनानायक द्वारा प्रति हस्ताक्षरित किया जाए।

**2-गुणवत्ता हेतु कार्यवाही-**

1- निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु जनपद/वाहिनी स्तर पर क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी नियुक्त की जायेगी या समय-समय पर निर्माण कार्यों की समीक्षा करेगी। कमेटी मे नियुक्त कम से कम हे0कान्स0 रैंक का एक अधिकारी प्रतिदिन निर्माण कार्य पर उपलब्ध रह कर निर्माण कार्यों पर दृष्टी रखेगा।

2- कार्यों के निरीक्षण के समय यदि किसी तकनीकि जानकारी अथवा परामर्श की आवश्यकता पढ़ती है तो परिक्षेत्रीय अवर अभियन्ता की सहायता ली जा सकती है।

3- मुख्यालय द्वारा गठित निरीक्षण समिति भी आकस्मिक निरीक्षण हेतु समय-समय पर आपके जनपद/इकाई में जायेगी, जिसमें आपके सहयोग की भी आवश्यकता पडेगी।

4- निर्माण सामग्री की गुणवत्ता के सम्बन्ध में यदि विवाद उत्तपन्न होता है तो पुलिस विभाग/निर्माण संस्था के प्रतिनिधि एवं परिक्षेत्रीय अभियन्ता की उपस्थिति में उक्त सामग्री के नमूने (सैम्पलस) लेकर किसी अधिकृत एजेन्सी से उस सामग्री की गुणवत्ता की जांच करा ली जाये।

5- यदि किसी कारणवश निर्माण कार्य बाधित होता है तो पहले अपने स्तर से उस बाधा को समाप्त करने का प्रयास किया जाए अन्यथा इसकी सूचना तुरन्त मुख्यालय को दी जाय।

6- कार्यों की भौतिक प्रगति आख्या प्रत्येक माह सम्बन्धित निर्माण संस्था द्वारा आपके प्रतिहस्ताक्षर के उपरान्त अगले माह की 10 तारीख तक मुख्यालय तक भेजी जायेगी। तत्पश्चात कार्यों की प्रगति की मासिक समीक्षा मुख्यालय द्वारा की जायेगी। तथा प्रगति से शासन को प्रत्येक माह की 15 तारीख तक अवगत कराया जायेगा।

**3-निर्माण कार्य पूर्ण होने पर कार्यावाही-**

1- जब निर्माण इकाई द्वारा भवन हस्तान्तरण हेतु पत्र प्रेषित किया जाता है तो यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उसमें जल/विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था है एवं भवन आवगणन के अनुसार बना है। विशेषकर बाह्य जल-मल विकास तथा नाली/सड़क निर्माण विशेष रूप से मिलान किया जायेगा।

2- यदि निर्मित भवनों में कुछ छोटी-छोटी कमियां रह जाती है तो इन कमियों का वर्णन इन्वेन्ट्री में करते हुए एवं कमियो को दूर करने के लिए सम्बन्धित निर्माण संस्था को एक माह का समय देते हुए भवन प्राप्त कर लिये जाये। यदि एक माह में कमियां ठीक नहीं की जाती है तो स्थिति से मुख्यालय को तुरन्त अवगत कराया जाये। यदि कमियां अधिक होती है तो भवन टेकन-ओवर न किया जाये तथा निर्माण ऐजेन्सियों को कमियां दूर करने हेतु लिखा जाये तथा पुलिस मुख्यालय को भी अवगत कराया जाये।

**भवन निर्माण कार्यो के निरीक्षण के सम्बन्ध में कुछ दिशा-निर्देशः-**

1- प्रस्तावित भवनों के नीव की खुदाई एवं दीक रोधी उपचार का कार्य अनुमोदित ड्राइंग के अनुसार किया जाना। तत्पश्चात नीव में 01 सीमेंट 06 बालू तथा 12 ईंट की मिट्‌टी (निर्धारित गेज) के अनुपात में कंक्रीट डालकर उसकी दुरमुट के अच्छी तरह कुटाई किया जाना।

2- 01 सीमेंट तथा 06 बालू के अनुपात का मसाला प्रयोग करते हुए प्रथम श्रेणी की ईंट से भवन की नीव मे चिनाई का कार्य किया जाना तथा पानी से उसकी तराई किया जाना।

3- प्रथम श्रेणी की ईंट की पहचान मोटे तौर पर उसके चेरी के कलर एवं रिंगिंग साउण्ड से की जा सकती है।

4- 01 सीमेंट 05 रेत के अनुपात के मसाले, जिसमे नमी रोधी केमिकल भी मिला हो 20 मिलीमीटर मोटाई का नमीरोधी रद्‌दा नीव की चिनाई के ऊपर डाला जाना (डीपीसी) तथा इसकी पानी से तराई किया जाना।

5- 01 सीमेंट 05 रेत के अनुपात के मसाले से प्रथम श्रेणी की ईंट द्‌वारा मनी रोधी रद्‌दे के ऊपर चिनाई का कार्य किया जाना तथा पानी से तराई का किया जाना (सुपर स्ट्रक्चर का कार्य)।

6- 01 सीमेंट, 02 मोरम तथा 04 पत्थर की गिट्‌टी (निर्धारित गेज की) अनुपात में आरसीसी मसाला (कंक्रीट) से लिटल तथा छजलियों का ढाला जाना एवं उसी ढुलाई करने के बाद अगले दिन से पानी से तराई किया जाना।

7- आरसीसी लिंटल/सनशेड तथा स्लैब के लिये तार स्टील सरिया का प्रयोग अनुमोदित ड्रांइग के अनुसार किया जाना।

8- 01 सीमेंट, 02 मोरम तथा 05 पत्थर की गिट्‌टी (निर्धारित गेज) के अनुपात के आरसीसी मसाला(कंक्रीट) से छत का स्लैब एवं छत के नीचे बीम आदि का डाला जाना। छत की ढलान तथा मोटाई अनुमोदित आगणन/ड्रांइग के अनुसार हो। स्लैब डाले जाने के पहले यह देख लिया जाय कि विद्‌युतीकरण हेतु पीवीसी पाईप तथा पंखे के लिए हुक आदि का प्रावधान ड्रांइग के अनुसार कर लिया गया है।

9- छत के उपर सीलनरोधी 12 मिलीमीटर मोटाई का प्लास्टर 01 सीमेंट तथा 03 मोरम के अनुपालन में किया जाना एवं छत पर मिट्‌टी के क्यारियॉ बनाकर उसमें एक सप्ताह के लिये तराई हेतु पानी का भरा जाना।

10- स्लैब की शटरिंग खोले जाने के बाद उसके नीचे 01 सीमेंट तथा 04 रेत के अनुपात के मसाले से 10 मिलीमीटर मोटाई का छत के नीचे प्लास्टर का किया जाना।

11- दरवाजा एवं खिड़कियों की चौखट हेतु लोहे की फैब्रिकेटेड एंगिल की चौखट क्रमशः40x40x5 एवं 35x35x5 साईज का अथवा आगणन के अनुसार लगाया जाना।

12- दरवाजे की चौखट में 32 मिलीमीटर मोटाई का आई एस आई अप्रूब्ड वाटर प्रूफ एवं दीमक रोधी प्लाई बोर्ड का दरवाजा सभी आवश्यक फिटिंग के साथ मानक कम्पनी का लगाया जाना।

13- खिड़कियों तथा रोशनदानों में साल की लकड़ी के फ्रेम के 04 मिलीमीटर मोटाई के शीशे/पैनेल्ड पल्ले(सभी आवश्यक फिटिंग के साथ) का लगाया जाना।

14- दरवाजों एवं खिड़कियों में प्राईमर के बाद 02 अप्रूब्ड कम्पनी के प्रावधानित पेंट का किया जाना।

15- 01 सीमेंट तथा 06 रेत के अनुपालन के मसाले से 12 मिलीमीटर मोटे दीवारों के ऊपर प्लास्टर का किया। प्लास्टर के पश्चात दीवारों की लगातार पानी से तराई का किया जाना। कमरों के अन्दर की ओर फर्श के ऊपर चारों ओर एक सीमेंट तथा 02 मोरम के मसाले 20 मिलीमीटर मोटी डैडो प्लास्टर की किया जाना। साथ ही दीमक रोधी उपचार (एन्टी टरमाइड ट्रीटमेंट) का किया जाना।

16- दीवारों के बीच प्लिंथ में मिट्टी की भराई का कार्य का किया जाना, जिसका पानी डालकर अच्छी तरह कुटाई की जाय।

17- 01 सीमेंट 06 रेत तथा 12 ईंटों की गिट्टी (निर्धारित गेज) का मसाला फर्श के नीचे 03 इंच मोटा बेस कंक्रीट का अच्छी तरह कूटा जाना।

18- फर्श हेतु डाली गयी बेस कंक्रीट के ऊपर अनुमोदित आगणन के अनुसार (ग्लास स्ट्रिप्स) कांच की पट्टियों का लेबल में लगाया जाना। बेस कंक्रीट डालने के पूर्व दीमक रोधी उपचार(एन्टी टरमाइड ट्रीटमेंट) का किया जाना।

19- 01 सीमेंट, 02 मोरम तथा 04 पत्थर की गिट्टी (निर्धारित गेज) की कंक्रीट से 01 इंच मोटाई का फर्श उचित ढाल के साथ इस प्रकार डाला जाय कि कांच की पट्टी उपर से दिखाई दें। फर्श के डाले जाने के पश्चात मिट्टी से क्यारियों बनाकर पानी का भरा जाना।

20- शौचालयों एवं स्नानगृहों में अनुमोदित आगणन के अनुसार समस्त वांछित फिटिंगस एवं पाइप आदि का लगाया जाना।

21- शौचालय से मैन हॉल तक तथा उसके बाद सेप्टिक तथा सोकपिट तक 04 इंच साइज का एस0 डब्लयू0 (स्टोन वेयर) पाईप बाहरी जोड तथा बाहरी ढलान में डाला जाना। पाईप के नीचे 16 सीमेंट, 31 रेत तथा 100 ईटो की गिट्टी (निर्धारित गेज) का प्रयोग बेस कंक्रीट के रूप में बाहरी ढलान के लिए किया जाय।

22- कमरों के अन्दर एवं बाहर की दीवारों पर उनकी तराई की नमी के सूखने के पश्चात एवं भवन की बाहरी दीवारों पर अनुमोदित आगणन के अनुसार पोताई का किया जाना।

23- सीस्मिक जोन-05 में पड़ने वाले सभी जनपदों में निम्न भूकम्प निरोधक मानकों के अनुसार निर्माण कराया जाय-

आरसीसी वर्क इन-1:1-1/2:3

ब्रिक वर्क इन- 1:4

निर्माणाधीन भवनों में बैण्ड़ निम्न प्रकार लगाये जो-

1-भू-तल पर (क) प्लिंथ पर (ख) लिन्टल पर

2-प्रथम तल पर (क) लिन्टल पर

(ख) स्लैव के नीचे

(अशोक कुमार)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुख्यालय,
उत्तरांचल पुलिस मुख्यालय देहरादून।

**पत्रांकः-**डीआईजी(मु0)/परिपत्र-1/2005

**दिनांकः** जनवरी 01,2005

**प्रतिलिपिः-** अपर पुलिस महानिदेशक कुमायूं परिक्षेत्र/पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र को सूचनार्थ।

**<u>संलग्न-1 का 1</u>**

प्रेषक,

पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुख्यालय,
उत्तरांचल पुलिस मुख्यालय,
देहरादून।

सेवा में,

1-मुख्य अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा,
तपोवन रोड़ देहरादून।

2-अधिशासी अभियन्ता,
उ0प्र0 पुलिस आवास निगम,
निर्माण इकाई देहरादून।

3- महाप्रबन्धक,
उत्तरांचल पेयजल संशाधन,
विकास एवं निर्माण निगम,
781 इन्दिरानगर देहरादून।

4-अधिशासी अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग,
भटवाड़ी उत्तरकाशी।

5-परियोजना प्रबन्धक,
उ0प्र0 राजकीय निर्माण,
निगम लि0 220 इन्दिरानगर देहरादून।

6-अधिशासी अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड़,
रूद्रपुर ऊधमसिंहनगर।

**संख्याः**-डीआईजी(मु0)/परिपत्र-1/2005
**दिनांकः**-जनवरी 01, 2005।
**विषयः**- वृहत निर्माण कार्यों का हस्तान्तरण।

महोदय,

उत्तरांचल पुलिस के विभिन्न जनपद/इकाईयों में आपकी कार्यदाई संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्य कराये जा रहे है। कृपया बृहत निर्माण कार्यों को प्रारम्भ करने एवं पूर्ण होने पर निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय-

1- कार्यों के प्रारम्भ करने के पूर्व कार्यस्थल का एक LAY OUT PLAN तैयार किया जाय जिसे जनपद/इकाई के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/सेनानायक द्वारा हस्ताक्षरित किये जाने के पश्चात पुलिस मुख्यालय द्वारा अनुमोदित करा लिया जाये।

2- इसके पश्चात निर्माण कार्य के विस्तृत आगणन पर सक्षम अधिकारी द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर ली जाये। तदोपरान्त उसमें सम्बन्धित वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक/सेनानायक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कराकर आगणन की एक प्रति पुलिस मुख्यालयको प्रेषित की जाए।

3- निर्माण कार्यों के विस्तृत आगणन में निम्न बिन्दुओं का समावेष अवश्य किया जायेः-

(1)- आगणन के प्रतिवेदन में कार्य का नाम, स्थल, स्वीकृति का सन्दर्भ, आगणन के विभिन्न प्रावधान एवं प्रयुक्त दरों के आधार तथा अनुमोदित LAY OUT PLAN संलग्न कर दिया जाये।

(2)- परियोजना के प्रत्येक भाग (COMPONENT) की विस्तृत स्ट्क्चरल/आर्किटैक्चरल ड्रांईग सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए।

(3)- कार्यस्थल के मिट्टी परिक्षण की आख्या (SOIL TESTING REPORT)।

(4)- आगणन के प्रत्येक मद के साथ विशिष्ठियों (SPECFICATION) के मद शिड्यूल के अन्तर्गत नहीं है तो उसके प्राविधानित दर के औचित्य/आधार हेतु दर विश्लेषण/कोटेशन आदि संलग्न किया जाये।

4- विस्तृत आगणन तैयार करने के साथ ही साथ, प्रत्येक योजना का बार चार्ट (BAR CHART) भी तैयार कर लिया जाये इसमें योजना के विभिन्न मदों को कार्यान्वित करने की समय सारणी के प्रारम्भ से लेकर समाप्ति तक वर्णित की।

5- निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निम्न कार्यवाही की जायेः-

(1)- कार्यस्थल पर गुणवत्ता सम्बन्धी अभिलेख/रजिस्टर रखे जाये जिसमें सामग्री/मार्टर आदि सम्बन्धी परीक्षण आख्या अंकित हो।

(2)- प्रत्येक तीन माह अथवा सामग्री का नाया खेप प्राप्त होने पर निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली प्रत्येक सामग्री जैसे-सीमेंट,ईंट,बालू (स्थानीय/मोटा) आदि का परीक्षण किसी अधिकृत (APPROVED) संस्था द्वारा कराकर उसका अभिलेख के रूप में कार्यस्थल पर रखा जाये।

(3)- परीक्षण के उपरान्त यदि कोई PERMISSIBLE DEVIATION तथा DIMENTIONAL TOLERENCE की स्थिति आती है तो उसका पूरा ब्यौरा रजिस्टर में रखा जाये।

(4)- पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रत्येक निर्माण इकाई के कार्यों का औचक निरीक्षण किया जायेगा एवं उपरोक्त अभिलेखों को भी देखा जायेगा। निरीक्षण के समय निर्माण से सम्बन्धित समस्त ड्राईंग का कार्यस्थल पर मौजूद रहना भी अनिवार्य है।

(5)- स्वीकृत धनराशि केवल स्वीकृत कार्यों की मदों पर निर्धारित विशिष्ठियों के अनुसार ही व्यय की जाये। इसके अतिरिक्त किया गया व्यय IMPROPER UTILIATION OF FUND माना जायेगा।

(6)- निर्धारित प्रपत्र पर मासिक आख्या अगले माह की दस तारीख तक मुख्यालय में प्राप्त होने के उपरान्त पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रत्येक निर्माण इकाई के कार्यो की भौतिक/वित्तीय प्रगति की मासिक समीक्षा की जायेगी। तद्नुसार उसकी आख्या शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

(7)- कार्य पूर्ण होने पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राथमिकता के आधार पर निर्माण संस्था द्वारा पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाये।

(8)- शत-प्रतिशत पूर्ण किये गये भवनों की इनवेण्ट्र विस्तृत आगणन सहित निर्माण संस्था द्वारा सम्बन्धित जनपद के वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक/सेनानायक को तुरन्त भजी जाये एवं उसकी एक प्रति सूचनार्थ पुलिस मुख्यालय को भी उपलब्ध करायी जाये ताकि भवनों को शीघ्र आवश्यकतानुसार हस्तान्तरित कराया जा सके।

भवदीय,
(अशोक कुमार)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुख्यालय,
उत्तरांचल पुलिस मुख्यालय, देहरादून।

**प्रतिलिपिः-** अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, पुलिस मुख्यालय को सूचनार्थ।

2- समस्त प्रभारी वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक/सेनानायक पीएसी वाहिनियां उत्तरांचल को तद्नुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**(अ)-वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक**

1- जिला स्तर पर प्राप्त सभी प्रकरणों में अन्तिम निर्णय लिया जाना।

2- जनपद में होने वाले अपराधों/निरोधात्मक कार्यवाहियों की मासिक समीक्षा करना।

3- जनपद के सभी थानों/चौकियों/शाखाओं का निरीक्षण।

4- पुलिस के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यों का पर्यवेक्षण तथा अतिरिक्त उत्तरदायित्वों निर्धारण।

5- वित्तीय मामलों में अन्तिम निर्णय लेना।

6- पुलिस कर्मियों के अनुशासन एवं नियन्त्रण बनाये रखना।

7- पुलिस कर्मियों की सुख-सुविधा का ध्यान रखना।

8- पेंशन/दण्ड़/वेतन/सत्यापन आदि कार्यों का सम्पादन करवाना।

9- अभिसूचना शाखा से प्राप्त सूचना का विश्लेषण करना तथा आवश्यक निर्देश निर्गत करना।

**(ब)-पुलिस उपाधीक्षकः-**

1- जनपद में घटित अपराधों का पर्यवेक्षण करना।

2- विशेष अपराध की आख्या भेजना।

3- दहेज अधि0/अनु0जाति/अनु0जनजाति अधि0 आदि में विवेचना करना।

4- पुलिस अधीक्षक द्वारा वित्त सम्बन्धी अधिकार प्राप्त होने पर आहरण/वितरण का कार्य करना।

5- विभिन्न शाखाओं आदि के निरीक्षण/पर्यवेक्षण का कार्य करना।

6- विभिन्न प्रार्थना-पत्रों की जांच आदि करना।

**(स)-थाना स्तर परः-**

1- अपराधों की रोकथाम करना।

2- अपराध घटित होने पर अनावरण करना तथा आरोप-पत्र न्यायालय प्रेषित करना।

3- न्यायालय में अभियोग के विचारण के दौरान साक्षियों को उपस्थित करना।

4- न्यायालय से प्राप्त समनों/नोटिसों/वारण्टों आदि की तामिल करना।

5- हिस्ट्रीशीटरों पर दृष्टी रखना।

6- महत्वपूर्ण घटनाओं के घटित होने पर तत्काल सूचना उच्चाधिकारीयों को प्रेषित करना।

7- विभिन्न प्रार्थना-पत्रों की जांच करना।

8- उच्चाधिकारियों द्वारा निर्गत निर्देशों का अनुपालन करना।

9- अपने कार्यक्षेत्र में शान्ति एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखना।

# पुलिस विभाग
# जनपद पौड़ी गढ़वाल
# मैनुअल संख्या-4
# अपने कृत्यों के निर्वहन के लिये स्वयं द्वारा स्थापित मापमान

**<u>मैनुअल संख्या-4</u>**

**<u>अपने कृत्यों के निर्वहन के लिये स्वयं द्वारा स्थापित मापमान</u>**

पुलिस विभाग प्रशासन का एक महत्वपूर्ण अंग है। जनपद स्तर पर पुलिस विभाग का कार्य पुलिस कार्यालय के माध्यम से कराया जाता है। पुलिस विभाग के कृत्यों के निर्वहन के लिये स्थापित मापमन/नियमों का उल्लेख निम्नवत हैः-

**<u>भवनः-</u>**

1- भवनों के रखरखाव/मरम्मत/नव निर्माण हेतु प्राप्त धन का विवरण रखना, भूमि एवं भवन पंजिका का रखरखाव करना।

2- भवनों की सुरक्षा हेतु व्यवस्था, अग्निशमन यंत्रों के रख-रखाव की व्यवस्था करना।

**<u>सन्दर्भ पुस्तिका</u>**

**1- वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड**

**2- पुलिस ऑफिस मैनुअल**

**<u>स्टाफः-</u>**

1- स्टाफ की स्वीकृति, नियुक्तियां, रिक्तियां/अवकाश/स्थानान्तरण तथा आरक्षण की स्थिति प्रदर्शित करना।

2- कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकायें/चरित्र पंजिकाओं, अवकाश लेखा, जी0पी0एफ0 पास बुक को अद्यावधिक रखना।

3- कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका में प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करना।

4- ड्यूटी के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने वाले कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करना।

5- आकस्मिक अवकाश पंजिका में स्वीकृत अवकाश दर्ज करना।

**<u>सन्दर्भ पुस्तिकाः-</u>**

**1- पुलिस आफिस मैनुअल**

**2- पुलिस रेगुलेशन**

**3- सामान्य भविष्य निधि नियमावली**

**<u>कार्य विभाजन</u>**

**<u>सन्दर्भों का निस्तारण</u>**

सन्दर्भ पुस्तिका पुलिस ऑफिस मैनुअल

1- सामयिक रिपोर्ट की पंजिका बनाकर रिपोर्ट को सामयिक रूप से प्रेषित करना।

2- विधायी कार्यों से संबन्धित जैसे-विधान सभा,विधान परिषद,लोक सभा,पाज्य सभा के प्रश्नों के उत्तर को समय से भेजना।

3- शासनादेश, पुलिस मुख्यालय से प्राप्त परिपत्रों से सम्बन्धित गार्ड फाईल अद्यावधिक रखना।

4- अपराधों पर नियन्त्रण रखने, जनता एवं पुलिस के मध्य पारस्परिक सहयोग बढाने एवं जनता के मध्य पुलिस की छवि के सुधार हेतु पुलिस मुख्यालय/जनपद स्तर पर निर्धारित किये गये मापदण्डों के अनुसार कार्य सम्पादित किये जा रहे है, जिनका विवरण निम्नवत हैः-

**<u>1-ग्राम सुरक्षा/मोहल्ला समितियों का गठनः-</u>**

जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित सुदूर ग्रामों में ग्राम सुरक्षा समिति तथा शहरी क्षेत्रों में मोहल्ला समिति का गठन किया गया है, जो अपराधों पर अंकुश लगाने एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस सम्बन्धी कार्यों

में सहयोग प्रदान करते है। साथ ही पुलिस एवं जनता के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करनें में उक्त गठित समितियों का विशेष योगदान प्राप्त किया जाता है।

**<u>जनपद स्तर एवं थाना स्तर पर शांति सुरक्षा समितियों का गठन</u>**

उत्तरांचल शासन के पत्र संख्याः 212/गृह-1/86/शासन9/2003 दिनांक 04-07-

श्री एस0के0 दास प्रमुख सचिव, उत्तरांचल शासन के पत्र संख्याः 121/गृह-1/86/शासुक 9/2003, दिनांक 04-07-2003 के अनुपालन में जनपद एवं थानों पर शांति सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है। संलग्नक-1

**<u>2-महिला हैल्प लाइन</u>**

पुलिस महानिदेशक देहरादून के पत्र संख्याः डीजी-पांच-196/2004 दिनांक 26-10-2004

महिला के उत्पीडन पर अंकुश लगाये जाने एवं महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास जागृत किये जाने हेतु पुलिस महानिदेशक , उत्तरांचल, देहरादून के पत्र संख्याः-डीजी-पांच-196/2004 दिनांक 26-10-2004 के क्रम में जनपद में महिला हैल्प लाइन का गठन किया गया है। संलग्नक-2

**<u>3-महिला डेस्क</u>**

पुलिस महानिदेशक , उत्तरांचल, देहरादून के निर्देशानुसार जनदप के प्रत्येक थानों पर महिला डेस्क गठित किया गया है, जिसमें महिलाओं एवं बच्चों के प्रति घरेलू हिंसा रोकने का प्रयास किया जा रहा है। संलग्नक-3

<u>मानवों के अवैध व्यापार रोकने के सम्बन्ध में सैल का गठन</u>

पुलिस मुख्यालय का आदेश संख्याः डीजी-5-258/2006 दिनांक 25-08-2006

अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, उत्तरांचल पुलिस मुख्यालय देहरादून के आदेश संख्याः डीजी-5-258/2006, दिनांक 25-08-2006 के द्वारा जनपद स्तर पर Anti Trafficking Nodal Cell गठन किया गया है। संलग्नक-4

**<u>फेरी, मजदूरी एवं घरेलू नौकरों का चरित्र सत्यापन</u>**

डीजी परिपत्र संख्याः-3/2005 दिनांक 21-04-2005

बाहरी जनपदों से जनपद में आकर मजदूरी, फेरी एवं घरेलू नौकर के रूप में कार्य कर मौके का फायदा उठाकर अपराध करके जनपद से बाहर जाते हें ऐसे नेपाली/बिहारी/कश्मीरी मजदूरों एवं अन्य फेरी लगाने वाले तथा घरेलू नौकरों का चरित्र सत्यापन किया जाये, तथा कोई अपराध करके भागने पर पकडा जा सके। संलग्नक-5

**<u>सीनियर सीटिजन प्रकोष्ठ</u>**

डीजी परिपत्र संख्याः-3/2005 दिनांक 21-04-2005

पुलिस महानिदेशक, उत्तरांचल, देहरादून के परिपत्र संख्याः-डीजी-3/2005 दिनांक 10-04-2005 के सन्दर्भ में जनपद सीनियर सीटिजन के साथ वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारियों द्वारा गोष्ठी आयोजित की जाती हैं। संलग्नक-6

**<u>निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सामग्री का परीक्षण</u>**

| |
|---|
| अशा0 पत्र संख्याः डीजी-दो-17/2006 दिनांक 30-01-2006 के साथ प्राप्त शासनादेश संख्याः 542/XXV(1)/2005 दिनांक 05-03-2005 |

पुलिस महानिदेशक, उत्तरांचल, देहरादून के अशा0 पत्र संख्याः-डीजी-दो-17/2006 दिनांक 30-01-2006 के प्राप्त शासनादेश संख्याः-542/इण्ट(1)/2005, दिनांक 05-03-2005 के सन्दर्भ में जनपद में प्रचलित निर्माण कार्यों हेतु उपलब्ध करायी गयी सामग्री का परिक्षण अधिकृत संस्था पी0डब्लयू0डी0,पन्तनगर विश्वविद्यालय तथा सी0बी0आर0आई0डी0 रूड़की से कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता हेतु जनपद स्तर पर कमेटी गठित करने हेतु निर्देशित किया गया है। संलग्नक-6,(1, एवं 2,)

**3-राहत एवं बचाव कार्यों हेतु मॉक ड्रिल एवं आपदा प्रबन्धन हेतु उपलब्ध कराये गये उपकरणों का समय-समय पर <u>डेमोस्ट्रेशन एवं कार्यशाला का आयोजन-</u>**

जनपद पौड़ी गढ़वाल एक सम्पूर्ण पर्वतीय क्षेत्र है, जहां पर समय-समय पर प्राकृतिक आपदायें एवं सड़क दुर्घटनायें होती रहती हैं। जनपद में घटित होने वाले प्राकृतिक आपदाओं एवं सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए राहत एवं बचाव कार्य के सम्बन्ध में मॉक ड्रिल, डिमोस्ट्रेशन, आपदा प्रबन्धन हेतु उपलब्ध उपकरणों के सम्बन्ध में समय-समय पर कार्यशाला का आयोजन कर पुलिस कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों एवं छात्रों को उनकी उपयोगिता के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी, जिसके परिणाम स्वरूप जहां एक ओर इन लोगो को आपदा प्रबन्धन के बारे में जानकारी प्राप्त हुई वहीं दूसरी ओर पुलिस के प्रति विश्वास उत्तपन्न् हुआ तथा इन लोगों के द्वारा प्राकृतिक आपदा एवं सड़क दुर्घटना के दौरान पुलिस को पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना के दौरान तत्परता से राहत एवं बचाव कार्य किये जाने से स्थानीय नागरिकों द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की गयी।

भूकम्पीय दृष्टी से जनपद पौड़ी गढ़वाल भूकम्पीय जोन-5 में आता है। भूकम्प एवं भूस्खलन के समय राहत एवं बचाव कार्यों हेतु पुलिस विभाग की अपनी प्रशिक्षण प्राप्त टीमें है।

**संलग्नक-2**

सख्या-212/गृह-1/86/शशासुस/2003

प्रेषक,

एस0के0दास

प्रमुख सचिव,

उत्तरांचल शासन।

सेवा में-

1- पुलिस महानिदेशक, उत्तरांचल।

2- आयुक्त गढ़वाल मण्डल पौड़ी/कुमाऊ मण्डल, नैनीताल।

3- पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था/अभिसूचना, उत्तरांचल देहरादून।

4- समस्त जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरांचल।

5- समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तरांचल।

गृह-अनुभाग-1 देहरादूनः 04 जुलाई 2003।

विषय-जिला स्तरीय एवं थाना स्तरीय शांति समितियों के सुदृढीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि आपके जिलों में पूर्व से ही जिले स्तर पर एवं थाना स्तर पर नागरिक शांति-समितियां गठित है एवं उनके द्वारा आप सभी को शांति व्यवस्था के कार्यों के संचालन में सदैव सहयोग प्राप्त रहा है। शासन द्वारा भी समय-समय पर सभी महत्वपूर्ण कानून-व्यवस्था के कार्यों के संचालन में सदैव सहयोग प्राप्त होता रहा है। शासन द्वारा भी समय-समय पर सभी महत्वपूर्ण कानून-व्यवस्था सम्बन्धी निर्देश में आपका ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता रहा है।

2- यहां पर यह भी इंगित कर देना समीचीन है कि शासन की सदैव से मंशा रही है कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के कार्य में जन साधारण का भरपूर सहयोग प्राप्त किया जाय एवं लोकतान्त्रिक पद्धतियों का निर्वहन करते हुए शान्ति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था की स्थापना की कार्यवाही इस प्रकार से की जाए ताकि नागरिकों को उसमें सहभागिता होने का बोध हो। यथा आवश्यकता आप सभी के द्वारा इन समितियों की नियमित बैठकों को आहूत किया जाता रहा होगा और शान्ति व्यवस्था के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक एवं जनहितकारी एवं स्थानीय मसलों पर इसी समितियों के माध्यम से कार्यवाही की जाती होगी। परन्तु यह आवश्यक है कि समाज के बदलते परिवेश में इन शान्ति समितियों के कामकाज का एक बार पुनरीक्षण किया जाए एवं ऐसी व्यवस्था बनायी जाए जिससे इनकी उपयोगिता अधिकतम हो एवं उसका समय-समय पर पर्यवेक्षण भी होता रहे, और यह भी सुनिश्चित रहे कि इन समितियों में केवल समाज के उन प्रभावी एवं जन सहयोगी व्यक्तियों को प्रवेश मिले, जिन्हें कि इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का पूरा बोध हो और जिनकी समाज में स्थिरता बनाये रखने के प्रति पूरी तरह रूझान एवं प्रतिबद्धता हो।

3- इस सम्बन्ध में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि शान्ति व्यवस्था से सम्बन्धित अवसरों पर एवं अन्यथा भी नियमित रूप से जिला स्तर पर भी शान्ति समितियों की बैठक आहूत होती रहा करें एवं इनकी बैठकों में उस क्षेत्र के वरिष्ठतम अधिकारियों एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित हो, ताकि प्रभावी होने के साथ-साथ इन शान्ति समितियों के सदस्यों को प्रबन्धन का महत्वपूर्ण भाग होने का बोध भी सदैव होता रहे। इसके साथ ही यह भी

आवश्यक होगा कि समिति के सदस्यों के उपलब्धता, उनकी महत्ता, उनके पूर्व कार्य एवं उनके वर्तमान में किये जा रहे कार्यों पर भी आप की सम्यक दृष्टी रहे ताकि शान्ति समितियां वाकई प्रभावशाली कार्यवाही का भाग बन करे एवं केवल सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त करने का माध्यम न रह जाय।

4- इस हेतु आवश्यक होगा कि समाज के सभी महत्वपूर्ण वर्गों के प्रभावशाली व्यक्तियों को इन समितियों में सम्यक रूप से प्रतिनिधित्व दिया जाए एवं जो सदस्य रूचि प्रदर्शित नहीं कर रहे हों उन्हे समय-समय पर इससे हटाया जाता रहे।

5- यह भी आवश्यक है कि समिति के माध्यम से अन्य महत्वपूर्ण एवं जनलाभकारी सूचना को भी जनसामान्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाय। नियमित रूप से अन्य विभाग के अधिकारियों को भी इन बैठकों से सम्बद्ध किया जाय। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का तथा अन्य आवश्यक जानकारी का आदान-प्रदान भी अन्य समितियों के माध्यम से कर लिया जाय।

6- पुनः इस बात पर बल दिया जाता है कि शासन द्वारा इन समितियों के सफल संचालन को विशेष महत्व प्रदान किया गया है। आप से पुनः अपेक्षा की जाती है कि इस समिति की बैठकों में आप यथासम्भव स्वयं प्रतिभाग करें अथवा आप के बाद उपलब्ध सबसे वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति अवश्यक बैठक में रहे ताकि बैठक में सहयोगार्थ आये जनमित्रों को अपनी उपस्थिति का बोध हो एवं वे और उत्साह से इस कार्य में भाग ले सकें। कृपया गम्भीरता से लेते हुए कृत कार्यवाही से शासन को समय-समय पर अवगत कराना भी सुनिश्चित करें।

भवदीय

(एस0के0दास0)

प्रमुख सचिव

**संलग्नक-3**

समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक,
उत्तरांचल।

राज्य में महिलाओं के प्रति अपराधों के आंकडों का अवलोकन से महिलाओं के प्रति अपराधों में उत्तरोत्तर वृद्धी हो रही है। महिलाओं के उत्पीड़न पर अंकुश लगाए जाने, अपराधों को रोकने के उद्देश्य एवं महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के लिए जनपद देहरादून में महिला हेल्प लाईन खोली गयी है, जिसमें आशानुकूल परिणाम दृष्टीगत हो रहे है महिलाओं में पुलिस के प्रति एक विश्वास की भावना जागृत हुई है।

2- जनपद हरिद्वार में भी एक महिला हैल्प लाईन खोली गयी है। इस महिला हेल्प लाईन को और अधिक सुदृढ़ किये जाने की आवश्यकता है।

3- महिलाओं का उत्पीड़न यथा महिलाओं से छेडछाड,दहेज उत्पीड़न,पति एवं ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट तथा अन्य उत्पीडन रोकने एवं उन्हे त्वरित न्याय दिलवाये जाने के उद्देश्य से विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि राज्य के सभी जनपदों में महिला हैल्प लाईन की स्थापना की जाय।

इस सम्बन्ध में निम्नलिखित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये-

1- महिला हैल्प लाईन के लिये अलग से एक कक्ष की व्यवस्था की जाये जिसमें एक टेलीफोन की भी व्यवस्था हो। महिला हैल्प लाईन टेलीफोन नम्बर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय।

2- महिला हैल्प लाईन के लिये अलग से एक वाहन की व्यवस्था की सुनिश्चित की जाय ताकि किसी भी पीडित महिला की सूचना दूरभाष पर प्राप्त होने पर उसकी तत्काल सहायता की जा सके। यह हैल्प लाईन 24 घण्टे कार्यरत रहेगी।

3- महिलाओं की काउन्सलिंग के लिए अच्छी महिला पुलिस कर्मियों का चयन कर नियुक्त किया जाय। इसके साथ ही समाज सेविकाओं एवं मनौवैज्ञानिकों से सम्पर्क स्थापित कर काउन्सलिंग की व्यवस्था भी की जा सकती है।

आप से अनुरोध है कि महिला हैल्प लाईन को खोले जाने की कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जाय तथा दिनांक 05-11-204 तक अनुपालन आख्या इस मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाय। कृपया इसे अपनी ओर से समाज के प्रति योगदान के रूप में देखने की आवश्यकता है न कि केवल मुख्यालय से आये हुए आदेशों के अनुपालन के रूप में। जितनी आप की रूचि होगी हैल्प लाईन उतनी ही सलफतापूर्वक कार्य करेगी।

उल्लेखनीय है कि इस सम्बन्ध में उत्तरांचल राज्य की वर्षगाठ के अवसर पर होने वाली वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों की गोष्ठी से इस विषय पर विचार-विमर्श किया जायेगा। अतः गोष्ठी में अपेक्षित सूचनायें एवं सुझावों सहित उपस्थित होने का कष्ट करें।

(कंचन चौधरी भट्टाचार्य)
पुलिस महानिदेशक उत्तरांचल

पत्रांक-डीजी-पांच-196/2004
दिनांकः अक्टूबर 26,2004

**प्रतिलिपिः-** पुलिस महानिरीक्षक, गढवाल/कुमायू परिक्षेत्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक-3का 1**

<u>आदेश</u>

पुलिस महानिदेशक, उत्तरांचल देहरादून के पत्र संख्या-डीजी-पांच-196/2004 दिनांक 26-10-2004 के सन्दर्भ में महिलाओं के उत्पीड़न पर अंकुश लगाये जाने एवं महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास जाग्रत किये जाने हेतु जनपद में पुलिस कार्यालय के एक कक्ष में महिला हैल्प लाईन कार्यालय स्थापित किया जाता है, उक्त कार्यालय में निम्नलिखित कर्मचारी नियुक्त किये जाते हैं।

1- म0उ0नि0 ना0पु0 टीना रावत

2- म0कान्स0 229 ना0पु0 बीना बंगवाल

3- म0कान्स0 461 ना0पु0 बबीता

उक्त कर्मचारी का कर्तव्य होगा कि जो भी महिला अपनी शिकायत लेकर आती है तो उसका तत्काल निस्तारण करना सुनिश्चित करेगें तथा समाज में बढ़ रहे महिला उत्पीडन सम्बन्धी अपराधों के आकड़ो में कमी लाने हेतु ठोस/सार्थक प्रयास करेंगें। यह हैल्प लाईन 24 घण्टे कार्यरत रहेगी, इसके साथ ही सामाज सेविकाओं एवं मनोवैज्ञानिक से सम्पर्क कर कांउन्सिलिंग की व्यवस्था भी की जायेगी।

उक्त महिला हेल्प लाईन का क्षेत्राधिकारी पौड़ी भी समय-समय पर पर्यवेक्षण करेंगे।

**<u>आदेश</u>**

मानवों के अवैध व्यापार को रोकने हेतु राज्य स्तर पर अपर पुलिस महानिदेशक, अप0/का0 व्य0, उत्तरांचल को एवं जनपद स्तर पर प्रत्येक जनपद के वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया जाता है।

2- समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जनपद में Anti Trafficking Nodal Cell का गठन कर आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें तथा की गयी कार्यवाही से इस मुख्यालय को अवगत करायें।

3- जनपदों में गठित किये गये Anti Trafficking Nodal Cell का पर्यवेक्षण अपर पुलिस महानिदेशक, अप0/का0व्य0, उत्तरांचल द्वारा किया जायेगा।

(जे0एस0पाण्डे)
अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन,
उत्तरांचल।

प्रतिलिपिः-निम्ननिलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्क कार्यावाही हेतु प्रेषित-

1- पर्यवेक्षण अपर पुलिस महानिदेशक, अप0/का0व्य0, उत्तरांचल।

2- पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र/पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र।

3- समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, उत्तरांचल।

**संलग्नक-4का 1**

समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक,
उत्तरांचल।

कृपया इस मुख्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक 25-08-2006 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा मानवों के अवैध व्यापार को रोकने हेतु आपको नोडल पुलिस आफिसर नियुक्त करते हुए Anti Trafficking Nodal Cell का गठन करने की अपेक्षा की गयी है।

2- निदेशानुसार अनुरोध है कि उक्त सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धित अभिलेखों का उचित एवं अलग से रख-रखाव करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे मुख्यालय द्वारा कोई भी सूचना मांगे जाने पर सूचना अल्प समय में मुख्यालय को उपलब्ध करायी जा सके।

(अभिलाषा बिष्ट)
पुलिस अधीक्षक, अप0/का0व्य0,
नि0अपर पुलिस महानिदेशक,अप0/का0व्य0
पुलिस मुख्यालय, उत्तरांचल।

अशा0पत्र संख्या-डीजी-258/2006
दिनांकः-अगस्त 30, 2006

**संलग्नक-4का 2**

समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक,
गढ़वाल परिक्षेत्र, उत्तरांचल।

कृपया अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन के पत्र संख्या-डीजी-5-258/2006 दिनांक 25-08-2006 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो मानव के अवैध व्यापार को रोकने हेतु राज्य स्तर पर अपर पुलिस महानिदेशक, अप0/का0व्य0 को एवं जनपद स्तर से सभी वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षकों को नियुक्त कर अवगत कराये जाने विषयक है।

(आर0एस0मीना0)
पुलिस उपमहानिरीक्षक,
गढ़वाल परिक्षेत्र उत्तरांचल।

**पत्र संख्याः-** सीओजी/आर-37/2006-टी-7244
**दिनांकः** अगस्त 26, 2006
**प्रतिलिपिः-** अपर पुलिस महानिदेशक,प्रशासन, उत्तरांचल को उनके उपरोक्त संदर्भित पत्र के सम्बन्ध में सादर सूचनार्थ।

संलग्नक-5

**कंचन चौधरी भट्टाचार्य**
**पुलिस महानिदेशक**
**आई0पी0एस0**
**kanchan choudhry bhattcharya**
**I.P.S.**

**उत्तरांचल**
**Drector Genral Of Police**
**Uttaranchal**

परिपत्र संख्या-4/2005

दिनांकः 21-04-2005

**प्रिय महोदय,**

आप को अवगत ही है कि दिनांक 10-04-2005 को जनपद देहरादून पुलिस द्वारा दिनांक 27-01-2005 को सिलवासा, दादर नागर हवेली के एक प्रतिष्ठित श्री अब्दुल अबूली हुसैन के अपहरण कर्ता एवं वर्ष-1996 मुम्बई के ट्रेड यूनियन लीडर श्री दत्ता शामन्त के हत्यारे शातिर अभियुक्तगण विजय कुमार चौधरी व विक्रम उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया गया।

2- इसी प्रकार राज्य के अन्य जनपदों में भी बाहर यथा उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, मुम्बई आदि स्थानों से आये अंवाछनीय तत्व जो आपराधिक प्रवृति के है, द्वारा शरणस्थली बनायें जाने की सम्भावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। इन आपराधिक तत्वों द्वारा अन्य राज्य में अपराध कर अपने को छुपाने के इरादे से उत्तरांचल में शरण लेना मुख्य उद्देश्य हो सकता है। इसके अतिरिक्त बाहर से आये यह अपराधी प्रारम्भ में कुछ न कुछ व्यावसायिक धन्धें जैसे प्रोपर्टी डिलिंग, फाइनेंस कम्पनी आदि में लिप्त रहते है तथा बाद में जनता की काफी धनराशि अवैध तरिके से प्राप्त कर गायब हो जाते है। कुछ ऐसे भी दृष्टान्त आये है कि जहां पर इन तत्वों द्वारा अकेले व वृद्ध लोगो की हत्या कर दी गयी है। बाहर से कथित रूप से अध्ययन हेतु आये छात्रों के भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के प्रकरण पूर्व में प्रकाश में आये है। यही नही कुछ कार्यालय व संस्थान भी ऐसे लोगों द्वारा चलाये जाते है, जहां पर पढे-लिखे नौजवानों को देश-विदेश में नौकरी देने का वादा कर काफी पैंसा वसूलने के बाद यह लोग कुछ दिनों में गायब हो जाते है। कुछ फर्जी प्रशिक्षण/शिक्षण केन्द्र अथवा संस्थान भी खोले जाते है और इनके संचालक/प्रबन्धक भी खूब पैंसा कमाकर एक दिन अचानक गायब हो जाते है। यह प्रशिक्षण केन्द्र/संस्थान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध भी नहीं होते है

3- पूर्व में मुख्यालय द्वारा बाहर से आकर झुग्गी झोपडि में रहने वाले, ठेली लगाकर सामान बेचने वाले, फड लगाकर सामान बेचने वाले,फेरी लगाने वाले,घरेलू नौकर आदि के सत्यापन कराने के निर्देश पारित किये गये थे। इसी प्रकार क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्ग/वृद्ध लोगों को चिन्हित कर उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में दिशा निर्देश पारित किये गये थे। परन्तु जनपदों की पुलिस द्वारा में धरातल पर किसी प्रकार का ठोस प्रयास किया जाना परिलक्षित नहीं हुआ है। इसका मुख्य कारण सम्भवतः इस कार्य के लिये अलग से किसी को नियुक्त नहीं किया जाना है। यह कार्य तब ही किया जाता रहा है जब कभी-कभी थाने पर पुलिस बल की उपस्थिति पर्याप्त हो अन्यथा नहीं।

4- अतः अनुरोध है कि अपने-अपने जनपदों के शहरी विशेषकर देहरादून,ऋषिकेश,विकासनगर, हरिद्वार, रूड़की, कोटद्वार, हल्द्वानी, रामनगर, रूद्रपुर, खटीमा, टनकपुर,सितारगंज, किच्छा, काशीपुर, जसपुर,आदि थानों पर एक अलग से प्रकोष्ठ बनाये जाय। जिसका कार्य केवल संदिग्ध व्यक्तियों, छात्रों, झुग्गी झोपडी वाले, फेरी वाले, ठेली लगाने वाले,मजदूर, किरायेदार, आदि का सत्यापन करना एवं बुजुर्ग/वृद्ध व्यक्तियों को चिन्हित करना होगा। इस प्रकोष्ठ का प्रभारी एक उपनिरीक्षक को बनाया जाये जिसके अधीन आवश्यकतानुसार दो-तीन कर्मचारी रखे जाये। सम्बन्धित थाना प्रभारी द्वारा इस प्रकोष्ठ के प्रतिदिन के कार्य की समीक्षा की जाये और परिक्षेत्र के माध्यम से मासिक आख्या अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था को भेजी जाये। कृपया इसका कडाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीया
कंचन चौधरी भट्टाचार्य
(आई0पी0एस0)

**प्रतिलिपिः**- पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र/पुलिस उपमहानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि वह भी जब जनपदों में भम्रण पर जाते है तो उस समय इस कार्यों के प्रकोष्ठ की भी समीक्षा करने का कष्ट करें।

संलग्नक-6

ज्योति स्वरूप पाण्डे (IPS)
अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन
पुलिस मुख्यालय, उत्तरांचल।
12 सुभाष रोड़ देहरादून।
अ0शा0 पत्र संख्या-डीजी-दो-17/2006 दिनांकः-जनवरी 01,2006

**प्रिय महोदय,**

जनपदों/इकाईयों में प्रचलित बृहत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुख्यालय के परिपत्र संख्या-1/2005 दिनांक 01-01-2005 (छायाप्रति संलग्न) की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

2- गुणवत्ता हेतु कार्यवाही के अन्तर्गत आपसे अपेक्षा की गयी थी कि निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु जनपद/इकाई स्तर पर पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की जायेगी जो समय-समय पर निर्माण कार्यों की समीक्षा करेगी। कमेटी में नामित हे0कान्स0 रैंक का सदस्य प्रतिदिन निर्माण कार्यों की समीक्षा करेगी। कमेटी में नामित हे0कान्स0 रैंक का सदस्य प्रतिदिन निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु नियुक्त रहेगा। इसी क्रम में शासनादेश संख्या-452/ xxVII(1)/2005 दिनांक 05-03-2005(छायाप्रति संलग्न) में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत निर्देश दिये गये है। विशेष रूप से बिन्दु-10 में नोडल अधिकारी की प्रांसिगिकता पर दिया गया है।

3- कृपया तत्काल अवगत कराये कि आपके जनपद/इकाई में गठित कमेटी में कौन-कौन से अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त है। यदि अब तक कमेटी गठित नहीं की गयी तो तत्काल गठित कराकर कमेटी की मासिक आख्या प्रति माह की 05 तारिख तक पुलिस मुख्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

4- उपर्युक्त के अतिरिक्त निर्माण इकाईयों को सम्बोधित तथा आपको पृष्ठांकित परिपत्र संख्या-1/2005 की छायाप्रति भी संलग्न है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक तीन माह में अथवा सामग्री का नया खेप प्राप्त होने पर उसका परीक्षण अधिकृत संस्था से कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी। इस हेतु आप पी0डब्लयू0डी0, पन्तनगर विश्वविद्यालय तथा सी0बी0आर0आई0 रूड़की आदि की सहायता ले सकते है। कृपया इन निर्देशों को अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें तथा अब तक कराये गये परीक्षणों से दिनांक 10-02-2006 तक इस मुख्यालय को अवगत कराने की व्यवस्था करें।

संलग्नकः-यथोपरि।

भवदीय,
(जे0एस0पाण्डे)

समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक,
प्रभारी जनपद, उत्तरांचल,
समस्त सेनानायक,
पीएसी वाहिनी, उत्तरांचल।

**प्रतिलिपिः**- पुलिस महानिरीक्षक,कुमायूं परिक्षेत्र, एवं पुलिस महानिरीक्षक,गढ़वाल परिक्षेत्र को सूचनार्थ प्रेषित।

**संलग्नक-6का 1**

संख्या-452@XXVVII(1)@2005

प्रेषक,

इन्दु कुमार पाण्डे,
प्रमुख सचिव, वित्त
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव/
समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तरांचल शासन।

वित्त अनु0-1 देहरादून दिनांकः- अप्रैल 05, 2005

**विषयः-**शासकीय निर्माण कार्यों हेतु कार्यदायी संस्थओं का निर्धारण।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासकीय निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु कार्यदायी संस्थाओ के चयन/निर्धारण के सम्बन्ध में वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कार्यदायी संस्थाओं के चयन/निर्धारण के सम्बन्ध में वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए निम्न निर्णय लिया गया है-

शासकीय निर्माण कार्यों के लिए प्रदेश की निर्माण इकाईयों की तकनीकी जनशक्ति की उपलब्धता के आलोक में निर्माण ऐजेन्सियों से विस्तार पर रोक लगाने हेतु आवश्यक है कि राज्य के बाहर कार्यदायी संस्थाओं को उनके आगणन पर अब कोई भी नया निर्माण कार्य स्वीकृत न किया जाए। लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, तथा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के निर्माण कार्यों की क्षमता के दृष्टिगत इनके अधिक निर्माण कार्य कराये जाये। साथ ही उत्तरांचल के राजकीय निगमों में प्रमुख रूप से उत्तरांचल पेय संसाधन विकास एवं निर्माण निगम को जिन्हें सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराये जाने हेतु भी गठित किया गया है से अधिक से अधिक निर्माण कार्य कराये जाये। गढ़वाल मण्डल विकास निगम एवं कुमायूं मण्डल विकास निगम की कार्यक्षमता को देखते हुए इनसे भी निर्माण कार्य कराये जाने पर भी विचार किया जा सकता है। इसके दृष्टिगत राजकीय निर्माण कार्यों हेतु उक्त निर्माण ऐजेन्सियों मे से चयन के लिये निम्न निर्माण सिद्धान्तों/मापदण्डों का अनुपालन कराया जायः-

(क)- रू0 20.00 लाख तक के सभी भवन निर्माण कार्य (मानकीकृत/गैर मानकीकृत भवन)-उत्तरांचल पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, उत्तरांचल राज्य के निगम एवं ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग द्वारा कराये जा सकते है।

(ख)- रू0 20.00 लाख से अधिक एवं रू0 80.00 लाख के(मानकीकृत भवन निर्माण कार्य) किसी भी निर्माण ऐजेन्सी से कराया जा सकता है, परन्तु राज्य के बाहर की निर्माण एजेन्सी को न्यूनतम टेण्डर के आधार पर ही निर्माण कार्य आबंटित किये जाय।

